तापमान
अधिकतम 39.4 डिग्री
न्यूनतम 29.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 26 जून 2026



शहर के दीवारों पर नगर निगम द्वारा की जा रही पेंटिंग।



## खबर संक्षेप



### रखरखाव के अभाव में घास व पौधे सूखे

**बिलासपुर।** पुराने बस स्टैण्ड चौक से शिव टाकीज चौक तक सड़क के बायें हिस्से में सौंदर्यीकरण का काम किया गया था। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए थे, वहीं घास लगाकर गार्डनिंग भी की गई थी। इधर लगातार पड़ने वाली भीषण गर्मी के प्रभाव से लगाई गई घास पूरी तरह सूख गई है। देखने पर साफ पता चल रहा है कि पानी का नियमित छिड़काव नहीं होने के कारण यहां घास व पौधों की ऐसी स्थिति हुई है। अब बारिश में इसी स्थान पर प्लांटेशन के नाम पर फिर से राशि खर्च की जाएगी जो अनुचित है।

### ड्रग विभाग ने 10 दुकानों पर की चालानी कार्रवाई



**बिलासपुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन औषधि ने स्कूल और कालेजों के दुकानों में गुटखा और तम्बाकू जैसे पदार्थो के विक्रय पर 10 दुकानों में चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकानदारों को स्कूल के 100 गज के बाहर विक्रय और 18 वर्ष से कम के बच्चों को तम्बाकू की बिक्री नहीं करने की हिदायत दी है। दरअसल निरीक्षक सुनील पंडा एवं सोनम जैन ने कोटपा अधिनियम 2003 के तहत 10 पान दुकानों एवं किराना दुकानों का निरीक्षण किया, टीम ने बृहस्पति बाजार क्षेत्र में धारा 4 व 6 के उल्लंघन पर 10 दुकानों में 1500 रुपए की चालान ठोका। सहायक औषधि नियंत्रक भीष्म देव सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार तम्बाकू युक्त पदार्थों को स्कूल के 100 गज के अंदर विक्रय करने पर दुकानों पर कार्रवाई की गई है। उन्हें आवश्यक रूप से धूम्रपान निषेध क्षेत्र,18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तम्बाकू युक्त पदार्थ नहीं बेचने का बोर्ड लगाने की हिदायत दी गई है। बोर्ड नहीं लगाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मौसम विभाग ने की मानसून सक्रिय होने की घोषणा, लेकिन नहीं हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आसमान पर मंडराते बादल हर बाद धोखा दे रहे हैं, आईएमडी ने मानसून के शहर पहुंचने की घोषणा कर दी है, लेकिन दिन भर छाए बादलों के बीच से महज बूंदाबांदी ही हो सकी है। ऐसे में अच्छी बारिश का इंतजार अबतक किया जा रहा है।

बारिश का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, भीषण उमस और चिलचिलाती धूप के कारण लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.3 डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रहा। लगातार बढ़ती नमी और तेज धूप के कारण बिलासपुर प्रदेश का सबसे गर्म शहर बन गया। सड़कों पर निकलने वाले लोग बेहाल नजर आए, वहीं छोटे स्कूली बच्चों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। मौसम का मिजाज विरोधाभासी बना हुआ है, एक ओर मानसून के आगमन की घोषणा हुई, दूसरी ओर वर्षा की एक भी प्रभावी बौछार नहीं हो सकी है।

**गर्मी और उमस की वजह से लोग बेहाल**

-----------

**आईएमडी ने की आधिकारिक घोषणा**

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

मौसम विशेषज्ञ अब्दुल सिराज खान के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून छत्तीसगढ़ के कुछ और हिस्सों तक पहुंच चुका है। मानसून की उत्तरी सीमा सूरत, इंदौर, मंडला, डाल्टनगंज और मोतिहारी तक पहुंच गई है। प्रदेश के शेष क्षेत्रों में भी अगले दो से तीन दिनों के भीतर मानसून पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि कि मानसून के आगमन का अर्थ तत्काल भारी वर्षा होना नहीं है, बल्कि मानसूनी हवाओं का किसी क्षेत्र तक पहुंचना होता है। अच्छी वर्षा के लिए नमी, बादल निर्माण, कम दबाव की स्थिति और स्थानीय मौसमीय परिस्थितियों का अनुकूल होना भी आवश्यक है।

### द्रोणिका का असर कमजोर

मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान से गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक मध्य समुद्र तल पर सीजनल द्रोणिका सक्रिय है। बंगाल की खाड़ी और तटीय बांग्लादेश के ऊपर 3.1 से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। दक्षिण-पूर्व मध्यप्रदेश के ऊपर भी एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है तथा एक द्रोणिका पूर्व-मध्य अरब सागर तक विस्तारित है लेकिन सभी द्रोणिका कमजोर साबित हो रही है, यही कारण है कि जून माह में जिले सहित प्रदेश में औसत बारिश से भी कम बारिश हुई है।

### कम वर्षा की आशंका के बीच कृषि विभाग की किसानों को सलाह



अल-नीनो के संभावित प्रभाव और खरीफ मौसम में वर्षा के विलंबित आगमन की आशंका को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों से वैज्ञानिक खेती एवं उर्वरक प्रबंधन अपनाने की अपील की है। विभाग ने कम पानी की स्थिति में भी फसलों की सुरक्षा और बेहतर उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न तकनीकी उपाय सुझाए हैं। कृषि विभाग के उप संचालक के अनुसार किसानों को सभी फसलों की बुवाई कतार पद्धति से करनी चाहिए। इससे खरपतवार नियंत्रण, नमी संरक्षण तथा पौधों की समुचित वृद्धि में सहायता मिलती है। साथ ही फसलों की जड़ें अधिक गहराई तक विकसित होती हैं, जिससे सूखे की स्थिति में भी फसल अपेक्षाकृत सुरक्षित रहती है।विभाग ने सलाह दी है कि बुवाई के 3 से 5 दिनों के भीतर अनुशंसित मात्रा में अंकुरण पूर्व खरपतवारनाशी का उपयोग किया जाए तथा बुवाई के 20 से 25 दिन बाद पुनः खरपतवार नियंत्रण किया जाए। इससे मिट्टी में उपलब्ध नमी का बेहतर संरक्षण संभव होगा।

### सिम्स में प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने छुट्टी दे दी, थाने में युवक पुलिस सुरक्षा में

# आर्म्स एक्ट के आरोपी ने लॉकअप में स्वयं को ब्लेड मारकर किया जख्मी, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आर्म्स एक्ट के आरोपी ने सिविल लाइन थाने के लाकअप में स्वयं को ब्लेड से मारकर जख्मी कर लिया और चीखने चिल्लाने लगा। उसे खून से लथपथ देखकर थाने में हड़कंप मच गया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। जख्म गहरा नहीं होने पर प्राथमिक इलाज के बाद उसे छुट्टी दे गई है। उक्त आरोपी को थाने में पहरे में रखा गया है।

सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, 25 जून 2026 को जरहाभाठा ओमनगर मार्ग के पास शेर नाच हो रहा था। सिविल लाइन पुलिस सुरक्षा में तैनात थी। इसी दौरान पुलिस को जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी रामा कुर्रे की गतिविधियां संदिग्ध लगी। पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास चाकू



मिला। पुलिस चाकू सहित उसे पकड़कर थाने ले आई। आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर तलाशी लेने के बाद लाकअप में रखा गया था। कुछ देर बात उसने स्वयं को ब्लेड मारकर जख्मी कर लिया और चीखने चिल्लाने लगा। जिससे थाने में हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मी लाकअप में गए तो वह खून से लथपथ होकर चिल्ला रहा था। आनन फानन में उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। गहरा चोट नहीं होने से डाक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी। पुलिस उसे थाने लाकर पुलिस पहरे में रखी हुई है।

### एक महिला आई थी मिलने

आरोपी के गिरफ्तारी के बाद थाने में उससे मिलने के लिए एक महिला आई थी। उसके साथ एक नाबालिग भी था। उसके जाने के बाद उसने स्वयं को ब्लेड मारकर जख्मी किया है। संभावना जताई जा रही है कि महिला ने आरोपी को ब्लेड उपलब्ध कराया है।

### जीभ के नीचे दबाकर रखा था ब्लेड

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो युवक जीभ के नीचे ब्लेड निकालकर स्वयं को जख्मी करते नजर आ रहा है। वहीं फुटेज के आधार पर उससे मिलने आई महिला की पतासाजी की जा रही है। बताया जाता है आरोपी आदतन बदमाश है उसके खिलाफ पूर्व में 3 से 4 मामले दर्ज हैं। पिछले दिनों पुलिस ने उसे पकड़कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### महिला पर होगी कार्रवाई

आरोपी के पकड़े जाने के बाद थाने में उससे मिलने एक महिला आई थी। महिला के द्वारा ब्लेड उपलब्ध कराने की संभावना है। पुलिस पर दबाव बनाने आरोपी ने स्वयं को ब्लेड से हमलाकर जख्मी किया है। गहरी चोट नहीं आने से प्राथमिक इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई है। महिला व युवक के खिलाफ पृथक से वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

-निमितेश सिंह परिहार सिविल लाइन सीएसपी

### सिरगिट्टी, सकरी क्षेत्र में हुए हादसे

## तेज रफ्तार ने ली 2 लोगों की जान, 2 गंभीर

सिरगिट्टी और सकरी में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 2 लोगों की जान चली गई, वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने एक मामले में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिरगिट्टी टीआई वाएपी सिंह ने बताया, तिफरा निवासी आकाश वर्मा पिता परमेश्वर वर्मा 23 साल दोस्त दीपक श्रीवास, अजय श्रीवास के साथ 24 जून की रात खाना खाने चकरभाठा क्षेत्र के ढाबा गए थे। रात 1.30 बजे खाना खाने के बाद तीनों स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एटी, 7824 से घर लौट रहे थे। गुम्बर पेट्रोल पंप





**ट्रक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज, गिरफ्तार**

के पास पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनआर, 3267 के चालक ने तेज रफ्तार से स्कूटी को ओवरटेक करते हुए अचानक सिरगिट्टी की ओर गाड़ी मोड़ दी, जिससे स्कूटी सवार तीनों युवक ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में आकाश वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दीपक श्रीवास, अजय श्रीवास गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चौराहे पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचकर ट्रक सहित चालक को पकड़कर थाने ले गई। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए किम्स हास्पिटल में भर्ती कराया गया। दोनों का आईसीयू वार्ड में इलाज चल रहा है। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के तहत जुर्म दर्ज कर ड्राइवर मध्य प्रदेश सिंगरौली निवासी लाला साहू पिता सोभाई साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बाइक सवार पेड़ से टकराया, मौत



सकरी टीआई उमेश साहू ने बताया, पंजाब निवासी मंगल सिंह दो दिन पहले अपने ससुराल सम्बलपुरी आए थे। 25 जून को वे अपने दोस्त हैप्पी सिंह के साथ खालसा ढाबा गए थे। वहां से वह एक व्यक्ति को छोड़ने के लिए सैदा आए थे। उक्त व्यक्ति को छोड़ने के बाद तेज रफ्तार से ढाबा लौट रहे थे। ग्राम पांड के पास अचानक सामने मवेशी को बचाने के फेर में बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में मंगल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिचितों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स लेकर आए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है।

## 11 केवी लाइन पर झुका पेड़, आधी रात बिजली बंद, हालाकान होते रहे लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के बीचों बीच घनी आबादी वाले क्षेत्र गोंड़पारा में बुधवार की रात एक सूखे पेड़ में अचानक आग लग गई। 11 केवी विद्युत लाइन में पेड़ झूलने के कारण बार बार विस्फोट होता रहा और धमाके के साथ बिजली बंद हो गई। बिजली विभाग ने रात में बिजली सप्लाई बंद कर मरम्मत का कार्य किया और सप्लाई शुरू कराई है।

घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोंड़पारा नदी किनारे की है जहां पुराने एक सुखे पेड़ में अचानक आग लग गई। आग धीरे धीरे पेड़ के अंदर फैलती चली गई और पूरे पेड़ को अपने चपेट में ले लिया। इस आगजनी के चलते पेड़ के ऊपर का हिस्सा बिजली के तार से जा टिका। बिजली के तार से टिकटे ही उसमें बार बार विस्फोट होने लगा। विस्फोट इतना भयानक था काफी दूर तक लोगो को धमाके की आवाज सुनाई दे रही थी और बिजली गुल हो जा रही थी। आधी रात हुई विस्फोट व धमाके से आस पास के लोग काफी दहशत में आ गए। घटना की जानकारी मिलते ही फायरब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर तत्काल हालात को काबू में करने का प्रयास करने लगे, करीब डेढ़ घंटे के बाद बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी।



### नहीं कट सका पेड़

बताया जा रहा है कि ऐसा ही मामला सरकंडा के जबड़ापारा में दिखाई दे रहा है, जहां विशाल पेड़ 11 केवी तारों में झूल रहा है, लेकिन इसके बाजवूद पेड़ की कटाई नहीं की गई है। दरअसल पेड़ अधिक ऊंचाई पर स्थित है, बिजली विभाग के पास पेड़ कटाई के लिए उपकरण नहीं है, वहीं कटाई के लिए नगर निगम से परमिशन व उपकरण लेनी होगी। जिसके चलते अभी भी पेड़ तारों पर झूल रहा है, जिससे हादसे का अंदेशा बना हुआ है।

### तारों को किया गया दुरूस्त

गोलबाजार जोन के अंतर्गत खपरगंज इलाके में अव्यवस्थित बिजली तार व केबल को दुरूस्त किया गया। सुबह से ही बिजली कर्मचारी इलाकों में एलटी और 11 केवी के केबलों की मरम्मत करते रहे। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले बिजली बंद होने के बाद स्थानीय निवासियों ने जेई और बिजली स्टाफ को घेर लिया था, और इस मामले में थाने जाने की नौबत आ चुकी है। ऐसे में बारिश से पहले बिजली विभाग केबलों को दुरूस्त करने में जुट गया है।

### एयू उड़नदस्ता ने परीक्षा के दौरान मारा छापा

# दो कालेजों में सामूहिक नकल पकड़ी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल विवि द्वारा आयोजित बीएससी सेकेण्ड सेमेस्टर परीक्षा के दौरान आज गुरूवार को लोरमी के दो निजी महाविद्यालयों सिध्दी विनायक और ममतामयी मिनीमाता महाविद्यालय में सामूहिक नकल पकड़ी गई* विवि के उड़नदस्ते ने दोनों ही परीक्षा केन्द्रों से सबंधित सामग्री जब्त कर विवि में परीक्षा नियंत्रक को सोंप दी है। समझा जाता है कि, जाँच रिपोर्ट आने के बाद इन दोनों सेंटरों को रद्द किया जा सकता है ।



■ **यूनिवर्सिटी को सौंपी गई रिपोर्ट**

अटल बिहारी वाजपेयी विवि के क्षेत्राधिकार में आने वाले तमाम शासकीय और निजी महाविद्यालयों में दूसरे, चौथे , छटवें सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रहीं हैं। आज बीएससी सेकेण्ड सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान विवि की फ्लाईंग स्क्वाड टीम ने लोरमी के निजी परीक्षा केन्द्रों का निरिक्षण किया। यहाँ संचालित ममतामयी मिनीमाता महाविद्यालय और सिध्दी विनायक निजी कॉलेज में विवि उडनदस्ते के डा अजय सिंह, अजय यादव आदि जैसे ही पहुंचे वहां अफरा - तफरी मच गई। दरअसल मिनीमाता कॉलेज के परीक्षा हाल में परीक्षार्थियों को बाकायदा सामूहिक रूप से साथ बैठाकर नक़ल कराई जा रही थी। केंद्र अध्यक्ष और प्राचार्य को बुलाकर इसकी पूरी विधिवत जानकारी दल ने दी। इसके बाद पूरी नक़ल सामग्री जब्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया है। इसी तरह सिध्दी विनायक कॉलेज में भी हाल में सबके सब छात्र आराम से नक़ल करते हुए पर्चे हल कर रहे थे। स्थानीय परीक्षकों की जानकारी में यह सब किया जा रहा था । केंद्र अध्यक्ष विवेक साहू के बारे में बताया गया कि, वे अवकाश पर हैं। इसी तरह यहाँ प्रिंसिपल भी अवकाश पर बताये गए। उडनदस्ते ने पहले ही फोन कर अटल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. तारणीश गौतम को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सभी दस्तावेज बरामद और जब्त करते हुए सामूहिक नकल का प्रकरण दर्ज किया गया। यूनिवर्सिटी पहुँचने के बाद दल ने परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर को पूरी जब्त सामग्री सहित रिपोर्ट दी है।

सुमीत बाजार
बिलासपुर में आज पेपर कटिंग लाने पर
बाजार मूल्य ₹ ~~79~~ प्रति पीस वाले
Export Quality
ग्रीन ग्रॉस मैट
पैरदान
₹10
प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 4 पीस



बाजार मूल्य ₹ ~~399~~ प्रति सेट वाले
Export Quality
किचन नेपकीन
6 पीस सेट
₹59
प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 सेट



*condition apply
ऑफर सिर्फ आज पेपर कटिंग लाने पर... स्टॉक रहने तक दिया जाएगा
राव ट्रेड सेंटर
सत्यम टॉकिज के पास
लिंक रोड, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### भगवान बिरसा मुण्डा शहादत दिवस पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** भगवान बिरसा मुण्डा के शहादत दिवस पर 9 जून को बिरसा मुण्डा चौक, वार्ड क्रमांक 3, साईं नगर, उसलापुर में श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों एवं समाजजनों ने भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अल्पायु में ही भगवान बिरसा मुण्डा ने अन्याय, शोषण और दमन के विरुद्ध संघर्ष का जो बिगुल फूंका, वह जनजातीय स्वाभिमान, सामाजिक चेतना और स्वतंत्रता के इतिहास में अमिट प्रेरणा बन गया है। उनका जीवन साहस, आत्मगौरव, संगठन और राष्ट्र के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा का त्याग, बलिदान और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने समाज में शिक्षा, संगठन, सामाजिक समरसता तथा युवाओं को अपने इतिहास, संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. चंद्रशेखर उइके, कुन्दन सिंह ठाकुर, ललित ध्रुव , राजेन्द्र टंडन, रामचन्द्र यादव, एस. एन. सिंह, गोवर्धन सिदार, इंदा नेताम, किशुन मरावी, कौशल मरावी, जन्तु मरकाम, पंकज ध्रुव, नारायण ध्रुव, गगन नेताम, रामनाथ ध्रुव, दिलहरण मरकाम, शत्रुघ्न ध्रुव, संतोष ध्रुव, जगदीश ध्रुव, कपिल ध्रुव, आयुष ध्रुव, अश्वनी मरकाम, अमर किशोर ध्रुव, लव सिदार, हीरालाल नेताम, दिलीप ध्रुव, राजेश टंडन, छेदी रात्रे एवं सुरेश टंडन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### अनुपमा को कंप्यूटर साइंस में मिली पीएचडी



**बिलासपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा द्वारा अशोक नगर महर्षि कश्यप कॉलोनी की अनुपमा पांडेय को कंप्यूटर साइंस में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। अनुपमा ने यह उपाधि डॉक्टर रागिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 में प्राप्त कर किया है। उनके शोध का विषय डिजाइन ऑफ इंटेलिजेंट पोर्टफोलियो ऑप्टी माइजेसन सिस्टम यूजिंग एम सी डी एम टेक्निक है। वे अभिनव त्रिपाठी की पत्नी तथा उमाशंकर पांडेय की सुपुत्री एवं सुरेश त्रिपाठी की पुत्रवधू हैं।

### प्रवीणा को तकनीकी विश्वविद्यालय ने दी पीएचडी



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विश्व विद्यालय बिलासपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत प्रवीणा राजपूत को पीएचडी की उपाधि छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के द्वारा दिया गया है। यह उपाधि उनके शोध विषय एनालिसिस ऑफ टॉप कॉन्टैक्ट पेंटासेम ऑर्गेनिक थीन फिल्म ट्रांजिस्टर विषय के लिए प्रदान की गई हैं। उन्होंने अपने शोध निर्देशक डॉ विनय सिंह एसोसिएट प्रोफेसर सी जी आई टी जगदलपुर का आभार व्यक्त किया है। वे सागर राजपूत की धर्मपत्नी है।

### मीसा बंदियों और उनके परिवार के सदस्यों को विधायक कौशिक ने किया सम्मानित



**बिलासपुर।** भाजपा जिला कार्यालय में मीसा बंदियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जेल में मीसा बंदी के रूप में उपस्थित लोगो के परिवारों के सदस्यों की देखभाल के लिए सामूहिकता के साथ प्रयास किए जाते रहे। श्री कौशिक ने कहा कि जबरन थोपे गए आपातकाल का दौर देश के लिए एक काला अध्याय रहा। जिसमें लोगो की जबरन नसबंदी कर जाती रही प्रमोशन के लिए भी नसबंदी कराने का आफर दिया जाता रहा। मीसा बंदी दत्ता त्रिपुरवार ने कहा कि इंदिरा गांधी की हठधर्मिता से देश में आपातकाल थोपा गया। मीसाबंदी गोवर्धन गुलहरे ने कहा कि इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस जगमोहन सिन्हा द्वारा 12 जून को दिए गए इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसले के बाद 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगा दिया गया। 21 मार्च 1977 को देश से अपातकाल हटा तब मीसा बंदियों को राहत मिली। भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र में तानाशाही एवं दमनदारी नीतियों का कोई स्थान नहीं है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, गोवर्धन गुलहरे, अर्जुन तिर्थानी, सुनील पुराणिक, दत्ता त्रिपुरवार, नारायण तावड़कर, सुदंरश्याम सचदेव, नेतराम विश्वकर्मा, गजानन दिघ्रस्कर का फूलमाला एवं शाल से सम्मान किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, महापौर पूजा विधानी, भाजपा जिला महामंत्री सोमेश तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि, अमरजीत सिंह दुआ, किशोर राय, अजीत सिंह भोगल, रितेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### सघन कुष्ठ खोज अभियान शुरू, घर-घर सर्वे कर होगी रोगियों की पहचान

**बिलासपुर।** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 जून से 15 जुलाई तक विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों में सघन कुष्ठ खोज अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य समुदाय में छिपे कुष्ठ रोगियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उनका समय पर उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि रोग के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके तथा रोग से होने वाली विकलांगता को रोका जा सके।

अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की सर्वे टीम घर-घर जाकर लोगों की स्क्रीनिंग कर संभावित कुष्ठ रोगियों की पहचान करेगी। चिन्हित व्यक्तियों की जांच कर रोग की पुष्टि होने पर उन्हें निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक सर्वे दल में आरएचओ (पुरुष) एवं मितानिन शामिल हैं। सर्वे के दौरान संभावित मरीजों को रेफरल स्लिप प्रदान कर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की सलाह दी जाएगी, जहां मेडिकल ऑफिसर द्वारा कुष्ठ रोग की पुष्टि की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रत्येक घर के सभी सदस्यों के शारीरिक परीक्षण के बाद घर की बाहरी दीवार पर गेरू से टिक का निशान लगाकर सर्वे की तिथि अंकित की जाएगी।

**आग की घटनाओं को लेकर जागा प्रशासन** | दस दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

# बहुमंजिला भवनों, मॉल, होटल और कोचिंग संस्थानों की व्यापक जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




देश के विभिन्न हिस्सों में हुई अग्नि दुर्घटनाओं ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने नगर निगम क्षेत्र में स्थित बहुमंजिला आवासीय परिसरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कोचिंग संस्थानों, होटल, लॉज, मॉल तथा अन्य सार्वजनिक उपयोग के भवनों की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक जांच कराने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत जिला एवं अनुविभागीय स्तर पर जांच समितियों का गठन किया गया है, जिन्हें दस दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

देश में लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं एवं उससे हो रही जनहानि को गंभीरता से लेते हुए अब जिला प्रशासन द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत दो स्तरों पर जांच टीम का गठन किया गया है। जिला स्तरीय जांच समिति में अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व) बिलासपुर को अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में अपर आयुक्त नगर निगम, नगर पुलिस अधीक्षक (कोतवाली/सिविल लाइन), जिला सेनानी नगर सेना तथा संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश सदस्य होंगे। इसी प्रकार प्रत्येक अनुविभाग में भी एसडीएम की अध्यक्षता में जांच दल गठित किए गए हैं, जिनमें एसडीओपी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, थाना प्रभारी तथा लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी सदस्य रहेंगे। जांच दलों को 10 दिनों के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण के दौरान जहां भी कमियां पाई जाएं, वहां संबंधित संस्थानों को आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया जाए। वहीं गंभीर अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा मानकों को मजबूत करना तथा संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है।

### इन बिंदुओं पर की जाएगी जांच

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों के अनुपालन, भवन अनुज्ञा की स्थिति, अग्निशमन यंत्रों एवं फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता, वैध फायर एनओसी तथा फायर अलार्म सिस्टम की स्थापना, आपातकालीन निकास मार्गों की व्यवस्था, भवन की संरचनात्मक सुरक्षा और पार्किंग प्रबंधन, विद्युत वायरिंग एवं उपकरणों की स्थिति, सीसीटीवी निगरानी तंत्र और सुरक्षा स्टाफ की उपलब्धता, प्राथमिक उपचार सुविधाओं की व्यवस्था, संस्थानों द्वारा नियमित रूप से कराए जा रहे सुरक्षा ऑडिट के अभिलेख तथा पेयजल, स्वच्छता सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों की गहन जांच की जाएगी।

**चुचुहियापारा महामाया मंदिर के पास गणेश नगर वार्ड के लोगों के घरों पर चला बुलडोजर**

# चौथी रेल लाइन के लिए उजड़े 82 परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चुचुहियापारा की ओर रहने वाले लोगों के लिए बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच बन रही चौथी लाइन आफत बन गई है, जिसमें रेल प्रशासन ने चौथी लाइन का सर्वे में चुचुहियापारा महामाया मदिर कें पास गणेश नगर वार्ड के 82 परिवारों का आशियाना उजाड़ दिया है। इसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना कर पड़ रहा है।

हावड़ा से मुम्बई के बीच दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में अधोसंरचना के तहत चौथी लाइन, तीसरी लाइन व अन्य कार्य किए जा रहे हैं। यह लाइन काफी महत्वपूर्ण है, जिसमें मालगाड़ियों के साथ 100 से अधिक यात्री गाड़ियों का परिचालन होता है। इस लाइन पर बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच चौथी लाइन निर्माण कार्य तेजी से जारी है। क्षमता वृद्धि एवं परिचालन दक्षता सुधार के उद्देश्य से चल रही इस परियोजना में चांपा से खरसिया सेक्शन के बाराद्वार स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु प्री नानइंटरलाकिंग एवं नॉन इंटरलाकिंग कार्य प्रारंभ किया गया है।

चौथी लाइन परियोजना की कुल लंबाई 206 किलोमीटर है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 2979 करोड़ रुपए है। इस परियोजना में अब तक 140 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस चरण में स्टेशन यार्ड का पुनसंरचना, नए टर्न आउट्स की स्थापना, ट्रैक स्लूइंग व लिंकिंग, सिग्नलिंग एवं इलेक्ट्रिकल उपकरणों का स्थानांतरण, केबलिंग, ओवरहेड संरचनाओं का समायोजन आदि कार्य शामिल है। चौथी लाइन के काम में निजी, सरकार और ऐसे लोगों की जमीन आ रही है, जो रेलवे की जमीन पर ही आशियाना बनाकर सालों से निवासरत हैं। ऐसे लोगों के लिए रेलवे के चौथी लाइन का कार्य आफत बनने लगा है। इस तरह की स्थिति बिलासपुर से गतौरा के बीच चुचुहियापारा गणेश नगर महामाया मंदिर के पास की हो गई है, जिसमें चौथी लाइन बनाने के लिए 82 से अधिक परिवारों के घर पर बुलडोजर चलाकर बेघर कर दिया गया है। इसकी वजह से ठंड के मौसम में लोगों को काफी परेशानी होने लगी है।



### बच्चों को परेशानी, अफसरों के पास गए थे गुहार लगाने

गणेश नगर चुचुहियापारा में रहने वाले 82 परिवारों में कई बच्चे ऐसे भी हैं, जो स्कूल और कॉलेज में अध्ययनरत हैं। यह बच्चे भी अपने परिजन के साथ उच्चाधिकारियों के पास गुहार लगाने के लिए गए थे। रेलवे ने सभी के घरों को तोड़ना शुरु कर दिया है, वहीं आधे से अधिक ऐसे घर हैं, जिनके घरों में बुलडोजर चलाने का अल्टीमेटम दिया गया था। कई लोग रेलवे के दिए गए अल्टीमेटम से भी भयभीत हो गए है।

### 1998 में राजीव गांधी आवास योजना में मिला था पट्टा

स्थानीय निवासियों का कहना है कि रेलवे ने नई लाइन बनाने के लिए सर्वे किया, जिसमें पहले ही उनकी ओर से घेराबंदी कर ली गई थी। इसके बाद दोबारा मीडिल लाइन से सर्वे करने के बाद नाली के बाद रहने वाले लोगों को नोटिस भेजा था। इस नोटिस के खिलाफ डीआरएम और कलेक्टोरेट में जाकर गुहार भी लगाई गई थी, लेकिन कहीं से भी कोई सुनवाई नहीं हुई। यहां रहने वाले निवासियों को वर्ष 1998 में राजीव गांधी आवास योजना में पट्टा भी दिया गया था। इसके उपरांत नगर निगम का टैक्स, नल और बिजली कनेक्शन भी लोगों को मिला। इसके बाद भी रेलवे ने आकर सबके घरों पर बुलडोजर चला दिया गया।

### सामान सड़क पर

गणेश नगर चुचुहियापारा के बुजुर्ग राम सुदर्शन के अनुसार रेल प्रशासन ने वर्ष 2016 में पुरानी लाइन से नाप कर रेलवे का खंभा गड़ाया था, जिसमें सभी के घर बचे हुए थे। इसके बाद एक नए सिरे से बनाए गए नक्शे के हिसाब से नाप कराने के बाद जमीन हड़प ली गई। अधिकारियों ने सब कुछ ठीक करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाकर तोड़ा गया। यहां आधे से अधिक लोगों को आवास योजना में घर भी मिल गए, लेकिन काफी लोग आवासहीन हैं। घर तोड़ने के बाद सामानों को सड़कों पर फेंक दिया गया है।

### रेलवे की जमीन पर मकान

रेल प्रशासन किसी भी कार्य के लिए कोई मकान या कब्जे को नहीं हटाती है। किसी का प्रायवेट लैंड हो तो उसे नियमानुसार भूमि अधिग्रहण का कार्य राज्य शासन के साथ मिलकर किया जाता है। रेलवे की जमीन पर अगर कब्जा है तो उसे खाली करने के लिए पहले नोटिस दिया जाता है, जिसके बाद ही तोड़ने की कार्रवाई होती है।

-सुस्कर विपुल विलास राव
सीपीआरओ, एसईसीआर

# मोहर्रम आज, निकलेगी ताजिया और सवारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने 26 जून को मोहर्रम पर्व के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार मोहर्रम के दसवें दिन यानी 26 जून को सायंकाल 5 बजे से इमाम बाड़ों से सवारिया व ताजिया के साथ विशाल जुलूस निकाला जाएगा, जिसका नगर भ्रमण के बाद देर रात्रि विसर्जन किया जाएगा।

■ प्रशासन ने दिए पुख्ता सुरक्षा के निर्देश

पुलिस विभाग को ताजिया एवं सवारी स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने को कहा गया है। नागरिकों की सुविधा के लिए नगर के प्रमुख मार्गों पर एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू रहेगी तथा भारी वाहनों और चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। नगर पालिक निगम को निर्देशित किया गया है कि वे पर्व के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों, महत्वपूर्ण स्थलों में साफ-सफाई, दिनभर पेयजल की आपूर्ति और प्रकाश की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य सुविधाओं के मद्देनजर सिम्स और जिला अस्पताल को आपातकालीन व्यवस्था के लिए अलर्ट किया गया है, जिसके तहत 108 एम्बुलेंस मय स्टाफ सिटी कोतवाली और पुलिस नियंत्रण कक्ष में तैनात रहेंगी।

अस्पतालों में डॉक्टरों और सहयोगी कर्मचारियों की शिफ्ट-वाइज ड्यूटी लगाई जाएगी तथा आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखा जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे पर्व के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखें और गड़बड़ी की स्थिति में तत्काल सुधार के लिए कर्मचारियों का एक विशेष दल तैनात रखें।

# अरपा पार नगर निगम के लिए प्रदर्शन

**बिलासपुर।** नागरिक सुरक्षा मंच ने अरपा पार और सरकंडा क्षेत्र को पृथक नगर निगम का दर्जा दिलाने की अपनी तीन दशक पुरानी मांग को लेकर गुरुवार को एक बार फिर अपनी आवाज बुलंद की है। इस मांग को लेकर सरकंडा में नागरिक सुरक्षा मंच के तत्वावधान में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने प्रदर्शन किया।



मंच के अमित तिवारी ने बताया कि पिछले 30 वर्षों से यह मांग निरंतर उठाई जा रही है, परंतु शासन,प्रशासन द्वारा लगातार उपेक्षा की जा रही है, उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 के चुनावों के दौरान स्थानीय प्रत्याशियों द्वारा अपने घोषणा पत्र में अरपा पार को पृथक नगर निगम बनाने का वादा किया गया था, लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के उपरांत भी उस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जो कि क्षेत्र की जनता के साथ विश्वासघात है। गौरव तिवारी ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में इस क्षेत्र का तीव्र शहरीकरण हुआ है और यहाँ शहर की आधी से अधिक आबादी निवास करती है। इसके बावजूद, क्षेत्र विकास और बुनियादी सुविधाओं के मामले में पिछड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकंडा क्षेत्र एसईसीएल अपोलो और आम जनता से एकत्रित होने वाला भारी-भरकम संपत्ति कर बिलासपुर शहर के अन्य वार्डों में खर्च कर दिया जाता है। मंच ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ही गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में इस आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जाएगा। दिलीप पाटिल ने कहा कि अरपा पार में नगर निगम के 24 वार्ड हैं, जहाँ लगातार आबादी बढ़ रही है और लोगों को कार्य के लिए अरपा के उस पार विकास भवन जाना पड़ता है। अलग नगर निगम बनने से लोगों को बुनियादी सुविधाएँ मिलेंगी और जिस प्रकार से विकास होना है, वह और अधिक गति से होगा। मांग पूरी न होने के सवाल पर पाटिल ने कहा कि शासन-प्रशासन को इस पर विचार करना चाहिए, लेकिन यह मांग पूरी होनी चाहिए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रदेश संयोजक श्याम मोहन दुबे ने अरपा पर के क्षेत्र को सुविधा विहीन एवं जन विरोधी व्यवस्थाओं को लेकर के अपनी बात रखी है। इस प्रदर्शन के दौरान अमित तिवारी, गौरव तिवारी, वीरेंद्र मिश्रा, श्याम मोहन दुबे, कमल साहू, शेखर यादव, रमेश कुमार, दिनेश पांडे, राजेंद्र वर्मा, बल्लू यादव, दिलीप पाटिल, मोंटू वर्मा, राजकुमार यादव, शिवी खान, दिनेश पांडे, लंकेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

### अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना आवेदन 3 जुलाई तक

**बिलासपुर।** श्रम विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। योजना के तहत इच्छुक विद्यार्थी 3 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत श्रम विभाग में एक वर्ष पूर्व से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो बच्चों को कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाकर 12वीं तक चयनित उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। पात्र विद्यार्थियों का चयन कक्षा 5वीं की परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाने वाली प्रावीण्य सूची के अनुसार किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया 3 जुलाई तक जारी रहेगी। आवेदन के लिए श्रमिक पंजीयन कार्ड, मूल निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, कक्षा 5वीं की अंकसूची, वर्तमान अध्ययन प्रमाण-पत्र, टीसी तथा स्व-घोषणा पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। श्रम विभाग ने पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

# सराफा महा सम्मेलन 28 को साव होंगे मुख्य अतिथि

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन द्वारा 28 जून रविवार को रामदेव लॉन, मंगला चौक में सराफा महा सम्मेलन 2026 का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि इस सम्मेलन में प्रदेशभर के सराफा व्यवसायी, एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य सराफा व्यापार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा, उद्योग के विकास की रणनीति तथा व्यापारियों को एक मंच पर लाना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि होंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद राजेश वर्मा, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं उद्योग जगत की हस्तियां उपस्थित रहेंगी। सम्मेलन के दौरान जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क के लिए भूमि उपलब्ध कराने पर राज्य शासन का आभार व्यक्त किया जाएगा। साथ ही स्वर्णकला बोर्ड के गठन की मांग, सराफा व्यापार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा, पुलिस एवं भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मार्गदर्शन और सराफा रत्न सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। नवागत सदस्यों का स्वागत तथा खुला मंच एवं सुझाव सत्र भी सम्मेलन का हिस्सा रहेगा। श्री सोनी ने बताया कि सम्मेलन सराफा व्यवसाय के विकास, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।



■ सम्मेलन में जुटेंगे प्रदेशभर के कारोबारी

**रमन विवि में "योग से तनाव प्रबंधन" पर कार्यशाला**

# योग से तनाव को नियंत्रित किया जा सकता है : डॉ. साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में "योग से तनाव प्रबंधन" विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. डी. पी. साहू उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन की विभिन्न विधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।




अपने संबोधन में डॉ. साहू ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव मानव जीवन की एक प्रमुख समस्या बन गया है। शिक्षा, रोजगार, प्रतिस्पर्धा और बदलती जीवनशैली के कारण लोगों में मानसिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे समय में योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने और तनाव को नियंत्रित करने का प्रभावी माध्यम भी है। कार्यशाला के दौरान उन्होंने सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों माध्यमों से प्रतिभागियों को योग की विभिन्न क्रियाओं, आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से मन शांत रहता है, एकाग्रता बढ़ती है तथा व्यक्ति तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना अधिक सकारात्मक ढंग से कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में योग को शामिल करने की सलाह देते हुए कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की कुंजी है।कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने योग की विभिन्न तकनीकों का प्रत्यक्ष अभ्यास किया तथा तनाव प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को समझा। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें मानसिक स्वास्थ्य और आत्मनियंत्रण के महत्व को समझने का अवसर मिला।

यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा, योग एवं खेल विज्ञान विभाग द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय, अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद तथा फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग के संयोजक डॉ. जयशंकर यादव एवं डॉ. ब्रम्हेश श्रीवास्तव डॉ अभिषेक पाठक, डॉ किरण तिग्गा, की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एलसीआईटी में मना ग्रेजुएशन डे



**एजुकेशन प्लस**

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से सबद्धता प्राप्त एलसीआईटी कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स साइंस के साइंस विभाग द्वारा बीएससी (बायो, बायोटेक, माइक्रो, सीएस, मैथ्स), बीसीए, एमएससी (केमिस्ट्री, जूल सीएस) के विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय द्वारा ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया।


साइंस विभाग के डीन अभि केशरवानी ने बताया संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थियों का अपने महाविद्यालय के साथ एक भावनात्मक सम्बन्ध होता है। उनके विचारों और अनुभवों को साझा करने का यह एक अच्छा अवसर रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के सेक्रेटरी उपकार राय एवं प्राचार्या डॉ अर्चना शुक्ला ने किया। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि उपकार राय, डॉ अर्चना शुक्ला, विशिष्ट अतिथि डॉ रितेश जैन, प्राचार्य डॉ संदीप गुप्ता , उप प्राचार्य डॉ शुभी श्रीवास्तव, अभिनव पॉल विभिन्न विभागों के डीन उमेश पटनायक, डॉ आ डल्ला, टीपीओ अमित पांडेय, सुश्री रुपाली शर्मा, उपस्थित थे। श्री शुक्ला ने कहा हम जीवन की जिस भी ऊंचाई पर पहुंच जाए हमे अपने माता पिता, गुरूजनों एवं अपने मार्गदर्शकों का हम सम्मान करना चाहिए। गुरूजनों से जो भी सीख उसका व्यवहारिक जीवन में बहुत महत्व है। इसी कड़ी में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए योगेश टंडन, तम्बोली, कार्तिकेय तिवारी, अलका लहरे, ख़ुशी गुप्ता, आर्शी राजा, उत्कृष्ट उपस्थिति के लिए हेमंत यादव, ए श्रुति चहुमुखी परफॉरमेंस के लिए वंशिका वर्मा एवं आयुषी साहू को सम्मानित किया।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 26 जून 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

शिविर

## बुद्ध के चार आर्य सत्य एवं अष्टांगिक मार्ग पर होगा योग

**बिलासपुर।** समर्थगुरु धारा द्वारा तीन दिवसीय सिद्धार्थ ध्यान योग शिविर का आयोजन 27, 28 एवं 29 जून को किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य व्यक्ति को तनावमुक्त, शांत, आनंदमय एवं संतुलित जीवन की दिशा प्रदान करना है।

शिविर में भगवान बुद्ध द्वारा प्रतिपादित चार आर्य सत्य दुःख, दुःख का कारण, दुःख निरोध तथा दुःख निरोध के मार्ग—का सरल, वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक विवेचन किया जाएगा। साथ ही बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग को आधुनिक जीवन की चुनौतियों एवं समस्याओं के समाधान से जोड़कर समझाया जाएगा। सम्यक दृष्टि के माध्यम से जीवन, कर्म एवं सत्य को सही दृष्टिकोण से देखने और समझने की प्रेरणा दी जाएगी। सम्यक संकल्प व्यक्ति को लोभ, क्रोध, द्वेष एवं हिंसा से दूर रहकर प्रेम, करुणा, मैत्री एवं सेवा का भाव विकसित करने की दिशा प्रदान करेगा। सम्यक वाणी के अंतर्गत सत्य, मधुर एवं हितकारी वचन बोलने तथा झूठ,कटुता, निंदा और चुगली से बचने का मार्ग बताया जाएगा। सम्यक कर्म के माध्यम से ईमानदारी, दया, नैतिकता एवं कर्तव्यनिष्ठ जीवन पर बल दिया जाएगा। सम्यक आजीविका के अंतर्गत ऐसी आजीविका अपनाने की प्रेरणा दी जाएगी जिससे किसी व्यक्ति, प्राणी अथवा समाज को हानि न पहुँचे। सम्यक प्रयास व्यक्ति को नकारात्मक विचारों एवं बुरी आदतों से मुक्त होकर सत्कर्मों की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। शिविर में सम्यक जागृति के माध्यम से अपने विचारों, भावनाओं एवं कार्यों के प्रति सजग रहने का अभ्यास कराया जाएगा।




स्पर्धा

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक

**बिलासपुर।** बच्चों की असाधारण प्रतिभा, नवाचार, साहस और सामाजिक योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रदेश के प्रतिभाशाली बच्चों, अभिभावकों, शिक्षण संस्थानों तथा सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करने की अपील की है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देश का सर्वोच्च बाल सम्मान माना जाता है, जो उन बच्चों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हों। यह प्रतिष्ठित सम्मान भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है। विभागीय जानकारी के अनुसार 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे इस पुरस्कार के लिए पात्र हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक बच्चे स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अभिभावक, स्कूल, सामाजिक संस्थाएं और अन्य व्यक्ति भी योग्य बच्चों का नामांकन कर सकते हैं। सभी आवेदन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। राज्य शासन ने प्रदेश के नवाचारी, प्रतिभाशाली और प्रेरणादायी बच्चों से इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपनी उपलब्धियों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करने का आग्रह किया है।आवेदन एवं विस्तृत जानकारी के लिए विजिट किया जा सकता है।



# हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा से गूंजी यात्रा



### बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया



**बिलासपुर।** ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष एकादशी गुरूवार को मनाई गई,भीमसेनी एकादशी पर तिलक नगर राम मंदिर से सुबह से निशान यात्रा सदरबाजार, गोलबाजार होते शहर के मुख्य मार्ग से निकली इस यात्रा 251 भक्तों ने ध्वज लेकर हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के नारों से गूंज उठा।

खाटू श्याम के दर पर अर्जी लगाने बड़ी संख्या में भक्तों का तांता दिनभर लगा रह। हाथों में निशान लेकर नंगे पैर 2 किमी यात्रा किए। मंदिर पहुंचकर भक्तों ने खाटू श्याम को निशान अर्पित कर मन्नते मांगी। इसके बाद मंदिर समिति ने सभी भक्तों को प्रसाद बांटा। खाटू श्याम का दोनों समय श्रृंगार किया गया। गुलाब, सेवंती, पुदीना और गेंदे के फूल से बाबा का श्रृंगार किया गया। भक्तों ने मत्था टेक कर श्री खाटू श्याम की परिक्रमा की, साथ ही मन्त्रतों के नारियल भी भक्त बांधते नजर आए। पंडित न बताया कि निर्जला एकादशी व्रत करने से साल की सभी एकादशी का फल मिलता है। क्योंकि महाभारत के समय यानी द्वापर युग में भीम ने भी निर्जला एकादशी का व्रत किया था। इस वजह से इसे भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं।

### व्रतियों ने किया पूजन

निर्जला एकादशी पर सुबह जल्दी उठकर स्नान कर पूजन किया,दिनभर व्रत रख संध्या होते ही विष्णु व खाटु श्याम भगवान की पूजन किया। एकादशी व्रत के दिन सबसे पहले घर के मंदिर में भगवान के समक्ष शुद्ध गाय के घी का दीप- धूप प्रज्वलित किया, भगवान श्री विष्णु का गंगा जल से अभिषेक करने के बाद फूल और तुलसी पत्र चढ़ाए गया। निर्जला एकादशी व्रत कथा सुनी गई।

### 101 किलों आम से श्रृंगार

मसानगंज स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में खाटु श्याम का 101 किलों के आम से आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने बाबा का दर्शन कर पूजन किया।



## छात्र सामाजिक दायित्वों, अनुशासन व मानवीय मूल्यों को जीवन में स्थान दें

> अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय का 15वाँ स्थापना दिवस समारोह गुरूवार को संपन्न हुआ, समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुशांत शुक्ला विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ललित प्रकाश पटेरिया, कुलसचिव डॉ तर्णिश गौतम प्राध्यापकगण अधिकारी-कर्मचारी शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**बिलासपुर।** समारोह के माध्यम से विश्वविद्यालय परिवार ने संस्थान की उपलब्धियों शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा भविष्य की विकासपरक योजनाओं पर विचार साझा करते हुए शिक्षा सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रनिर्माण के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत भाषण के साथ हुआ। डॉ एच एस होता ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि विधायक सुषांत शुक्ला ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री प्रखर वक्ता संवेदनशील राजनेता और दूरदर्शी व्यक्तित्व अटल बिहारी वाजपेयी जी का नाम अपने आप में प्रेरणा का स्त्रोत है। विधायक श्री शुक्ला जी ने कहा कि एक सशक्त संगठित और संस्कारित समाज का निर्माण परिवार शिक्षा और सामाजिक चेतना के त्रिकोण से होता है। यदि परिवार संस्कार देता है शिक्षा दिशा देती है और समाज अवसर देता है तो युवा पीढ़ी राष्ट्र के लिए अमूल्य शक्ति बन सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने अध्ययन के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों अनुशासन राष्ट्रप्रेम और मानवीय मूल्यों को भी जीवन में स्थान दें। कार्यक्रम का सफल संचालन गरिमापूर्ण ढंग से किया गया तथा समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ तर्णिश गौतम ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य अतिथि कुलपति मंचासीन अतिथियों प्राध्यापकों कर्मचारियों विद्यार्थियों तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया। नेहा यादव सर्वश्रेष्ठ प्राध्यापक डॉ रश्मि गुप्ता सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी मनहरण यादव को सम्मानित किया गया।



### आज का समय ज्ञान तकनीक और कौशल का समय

कुलपति प्रो ललित प्रकाश पटेरिया ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय क्षेत्र के शैक्षणिक बौद्धिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण केंद्र है और इसे और अधिक सशक्त बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की आवश्यकताओं बदलते समय की मांगों और रोजगारपरक शिक्षा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए पाठ्यक्रम एवं विषय प्रारंभ करने की दिशा में विश्वविद्यालय गंभीरतापूर्वक कार्य कर रहा है। कुलपति प्रो पटेरिया ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई, डिजिटल तकनीक नवाचार और शोध के बढ़ते महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का समय ज्ञान तकनीक और कौशल के समन्वय का समय है।

आयोजन

## प्रवेशोत्सव में बच्चों ने दी कार्यक्रम की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव और साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में नगर निगम के सभापति विनोद सोनी उपस्थित थे। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि साइकिल मिलने से बच्चों का पढ़ाई की तरफ रूझान बढ़ेगा और बच्चे नियमित रुप से स्कूल आएंगे। इस अवसर पर नगर निगम के अपर आयुक्त खंचाजी कुम्हार ने बच्चों को पढ़ाई के टिप्स दिए, जिससे बच्चे प्रेरित हुए। वहीं जिला शिक्षा कार्यालय की सहायक संचालक वर्षा शर्मा ने बच्चों को पढ़ाई में रूचि बढ़ाने के तरीकों के बारे में बताया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों ने बच्चों को पुस्तक वितरण किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसे देखकर उपस्थित पालक और शिक्षक भावविभोर हो गए। इस अवसर पर शिक्षा अधिकारी एवं समाज कल्याण अधिकारी रेणुका पिंगले, एसएमडीसी के पूर्व अध्यक्ष दलजीत सिंह, शुभम तिवारी, प्राचार्य बसंत चौकसे, जीपी उपाध्याय, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

## नाटकों की प्रस्तुतियों से सराबोर हुई सांस्कृतिक शाम

बिलासपुर। निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन की शाखा द्वारा सरकण्डा इंदिरा विहार स्थित प्रियदर्शिनी कला मंदिर में एक भव्य वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान नृत्य, संगीत, नाटक और कविता पाठ के माध्यम से बंगाली कला और संस्कृति की अनूठी छटा बिखेरी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि डॉ हेमंत चटर्जी, मानवेंद्र नाथ चटर्जी, बी. सी. गोलदार, असित बरन दास, सौभिक दासगुप्ता, देवाशीष नंदी, कमल घोष, डॉ. सुदीप्त दत्त, रिंकू गांगुली, अनिता गोलदार, डॉ. अशोक बनर्जी एवं चंदन गांगुली की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष के स्वागत संबोधन के पश्चात सम्मेलन के पारंपरिक गीत मोदेर गरोब मोदेर आशा की सुमधुर प्रस्तुति हुई। इसके बाद संगीतकार सलिल चौधरी एवं भूपेन हजारिका को समर्पित प्रसिद्ध कोरस गीतों पागोल हावा एवं मानुष मानुषेर जन्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे कलाकारों शिशु शिल्पी अर्निमा पाल, आयुषी पालित एवं आयुष प्रामाणिक द्वारा आमरा सबाई राजा गीत पर दिए गए ग्रुप डांस को दर्शकों की खूब सराहना मिली। वहीं अर्पण बैरागी, रितिका सी. एवं अचिन्त्य कुमार बोस ने एकल संगीत की बेहतरीन प्रस्तुतियाँ दीं। दीपिका विश्वास एवं रूपा राहा द्वारा किए गए कविता पाठ ने भी कार्यक्रम में समां बांध दिया।



### कलाकारों ने दी प्रस्तुति



सांस्कृतिक सचिव निहार रंजन मल्लिक के कुशल संगीत निर्देशन में निहार रंजन, सुक्ति विश्वास, रीता राय, प्रबाल मुखर्जी, सौरभ चक्रवर्ती, मौसमी चक्रवर्ती, श्रावणी दत्त, स्वागता चौधरी, अनिता गोलदार, रत्ना चटर्जी एवं डॉ. सोमा लाहिड़ी मल्लिक ने अपनी सुरीली आवाज दी। गोपा दासगुप्ता के नृत्य निर्देशन में स्वयं गोपा दासगुप्ता, मेघा घोष, तनिमा राय, अरुनिमा, श्रुति साहा, अदिति, पूजा प्रामाणिक, मौमिता पालित, सांतोना दासगुप्ता, अनुष्का डे, अतनु घोष एवं दिलीप विश्वास ने मनमोहक नृत्य कला का प्रदर्शन किया।

## दवाओं के अलावा अपनाएं प्राकृतिक तरीके, मिलेगी राहत

**बिलासपुर।** अक्सर लोग तेज दर्द से परेशान रहते हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन इन्हें डॉक्टर से सलाह लेकर कुछ प्राकृतिक उपायों से भी नियंत्रित किया जा सकता है। ऐसे ही प्राकृतिक तरीकों के बारे में आपको जानना चाहिए।

क्रॉनिक पेन कई लोगों की जिंदगी को प्रभावित करता है। क्रॉनिक पेन का मतलब ऐसा दर्द जो लंबे समय से आपको परेशान कर रहा है। यह शारीरिक तकलीफ हमारे रोजमर्रा के जीवन पर गहरा असर डाल सकती है। गठिया, माइग्रेन, लगातार पीठ दर्द, या किसी पुरानी चोट का असर, ऐसे कई कारण हो सकते हैं जो ऐसे दर्द को जन्म देते हैं। अक्सर दर्द निवारक दवाएं अस्थायी राहत तो दे सकती हैं, लेकिन इनके दीर्घकालिक दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जिससे कई लोग वैकल्पिक समाधानों की तलाश में रहते हैं।

ऐसे में अपनी जीवनशैली में कुछ छोटी और प्रभावी आदतों को अपनाकर प्राकृतिक तरीकों से क्रॉनिक पेन को नियंत्रित किया जा सकता है। ये उपाय न केवल दर्द की तीव्रता को कम करने में मदद करते हैं, बल्कि जीवन की समग्र गुणवत्ता को भी बेहतर बनाते हैं। यह समझना ज़रूरी है कि दर्द प्रबंधन सिर्फ़ दवा लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें शरीर और मन के बीच संतुलन बनाना भी शामिल है। आइए, इस लेख में हम चार ऐसे प्राकृतिक उपायों के बारे में जानेंगे, जो क्रॉनिक पेन से जूझ रहे लोगों के लिए वरदान साबित हो सकते हैं। योग और माइंडफुलनेस मेडिटेशन क्रोनिक पेन को कम करने में प्रभावी हैं। योग, जैसे सूर्य नमस्कार या हल्के स्ट्रेचिंग आसन, मांसपेशियों को लचीला बनाता है।

आयोजन

## एलुमनी कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्यों का किया गया सम्मान

**बिलासपुर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की शाखा सीआईआरसी द्वारा सीए सप्ताह के अंतर्गत शाखा के पदाधिकारियों ने संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों से भेंट कर उनका सम्मान किया तथा उनके स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की जानकारी प्राप्त की। शाखा के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ सदस्यों के दीर्घकालीन योगदान, अनुभव एवं संस्थान के प्रति उनकी सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्यों ने अपने व्यावसायिक अनुभव साझा किए तथा युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान शाखा पदाधिकारियों ने उनके स्वास्थ्य, पारिवारिक एवं सामाजिक कुशलक्षेम के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनके सुझावों और मार्गदर्शन को शाखा की भावी गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण बताया। वरिष्ठ सदस्यों ने बिलासपुर शाखा द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए इसे सदस्यों के बीच आत्मीयता एवं पारिवारिक संबंधों को सुदृढ़ करने वाला कदम बताया। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष मंगलेश पांडेय,सचिव उदय चौरसिया तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने वरिष्ठ सदस्यों के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।



कार्नर न्यूज

### सिम्स में सेहत कार्यक्रम के अंतर्गत अभिमुखीकरण कार्यशाला

## स्वस्थ जीवनशैली एवं संतुलित पोषण को अपनाना भी अत्यंत आवश्यक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में सेहत पहल के अंतर्गत अभिमुखीकरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ लखन सिंह तथा सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ हेमलता ठाकुर के मार्गदर्शन में सामुदायिक चिकित्सा विभाग एवं डायटेटिक्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ लखन सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ हेमलता ठाकुर, डॉ अर्चना सिंह एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की संयुक्त राष्ट्रीय पहल है। देश के 150 चयनित मेडिकल कॉलेजों में इस कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, जिनमें सिम्स को भी महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। इस पहल का उद्देश्य कृषि नवाचारों के माध्यम से जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा जैव-संपोषित एवं पौष्टिक खाद्य फसलों के उपयोग को बढ़ावा देकर कुपोषण,मधुमेह,उच्च रक्तचाप सहित विभिन्न गैर-संचारी रोगों की रोकथाम करना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का समाधान केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली एवं संतुलित पोषण को अपनाना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बायोफोर्टिफाइड फसलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन फसलों में आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व अधिक मात्रा में उपलब्ध होते हैं, जो कुपोषण एवं पोषण संबंधी कमियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डॉ अर्चना सिंह, डॉ श्रुति, डॉ आशीष, डॉ रवि, डॉ मधु, डॉ सुमित, डॉ मेलिशा, डॉ किशोर, डॉ दुर्गा, नर्सिंग सुपरीटेंडेंट,स्वाति कुमारा,उज्जवला दास, पिंकी दास, पुष्प लता शर्मा,नेहा उड़ान सहित अनेक संकाय एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।



### संतुलित आहार, नियमित व्यायाम जरूरी

अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने कहा कि प्राकृतिक एवं पारंपरिक खान-पान की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध ताजे, प्राकृतिक एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों का नियमित सेवन अनेक बीमारियों से बचाव में सहायक होता है। उन्होंने लोगों से संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान डॉ किशोर ने उच्च रक्तचाप एवं डायबिटीज के बढ़ते बोझ पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली एवं असंतुलित भोजन के कारण इन बीमारियों के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिनकी रोकथाम में संतुलित एवं पौष्टिक आहार की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## खबर संक्षेप

### नवप्रवेशी छात्रों को ड्रेस वितरण



**मुंगेली।** नगर पालिका शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ महापुरुषों को याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, वार्ड पार्षद अरविद वैष्णव, पूर्व प्रधान पाठक प्रभाकांत शर्मा, नोडल अधिकारी जनपद सीईओ संतोष घोषले, शाला के प्राचार्य विजय सोनी एवं समस्त व्याख्याता एवं मिडिल स्कूल स्टाफ आदि उपस्थित थे। कक्षा 8वी एवं 9वी, 10वी के छात्रो को पुस्तक वितरण किया गया। मिडिल स्कूल के छात्रो को ड्रेस वितरण किया गया। अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 12वीं के छात्र हर्ष पाण्डेय खेलावन एवं कक्षा 10वी में शुभम बंजारा का सम्मान किया गया। मंच संचालन किशन लाल देवांगन द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे राधेश्याम राय, बलदेव ध्रुव, प्रकाश चंद नेताम, मनोज राठौर, श्रीमती प्रीति परिहार, पैकरा मेडम, इन्द्राणी यादव, रत्ना सोनवानी, लता ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### 30 सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित

**मुंगेली।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 11वीं में वाणिज्य संकाय में लेटरल एंट्री के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए 15 बालक तथा 15 बालिका कुल 30 रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किया गये हैं। छात्र और अभिभावकों की मांग को देखते हुए आवेदन फॉर्म प्राप्त करने और जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया है। इच्छुक छात्र निर्धारित अंतिम तिथि 30 जून तक विद्यालय कार्यालय से सुबह 10 बजे से दोपहर 5 बजे के बीच आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों को पूर्ण रूप से भरे हुए फॉर्म के साथ कक्षा 10वीं की अंकसूची की छायाप्रति, जाति व निवास प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर कार्यालय में जमा करना होगा। चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और मेरिट-आधारित होगी, जिसके तहत कक्षा 10वीं के प्राप्तांकों के आधार पर अंतिम सूची तैयार की जाएगी। अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं होगा। प्रवेश से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए छात्र या उनके अभिभावक कार्यालयीन समय के दौरान सीधे विद्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## निधन

### प्रीति दुआ



**बिलासपुर।** डबरीपारा (संतोष भुवन गली) निवासी प्रीति दुआ का गुरुवार को सुबह निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार 26 जून को सुबह 9.30 बजे उनके निज निवास से सरकण्डा मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी । वे संजीव दुआ की धर्मपत्नी और विवान दुआ की माता थीं।

### सुरेंद्र कुमार सिंह



**बिलासपुर।** ग्राम धरदेही के प्रतिष्ठित नागरिक स्वर्गीय ठाकुर जगमोहन सिंह के सुपुत्र सुरेंद्र कुमार सिंह जो वर्तमान में जगन्नाथपुरम, राजकिशोर नगर में निवासरत थे। उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 जून को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया । वे प्रणव कुमार सिंह एवं निधि सिंह के पिता थे।

### श्यामा मानिकपुरी



**बिलासपुर।** कपिल नगर सरकंडा निवासी श्यामा मानिकपुरी पति स्व. प्रेमदास मानिकपुरी का 25 जून को निधन हो गया। वे 82 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे विमल कुमार मानिकपुरी, निर्मल किशोर मानिकपुरी, युगल किशोर मानिकपुरी की मां थीं।

---

### विभाग नहीं कर रहा प्रभावी कार्रवाई

# पड़रिया में अवैध मुरूम खनन, हो सकता है हादसा

**ग्राम पड़रिया में अवैध मुरूम खनन निरंतर जारी है। कई स्थानों पर बिजली के खंभों को बीच में छोड़कर उनके चारों ओर गहरी खुदाई कर दी गई है। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बाद संबंधित विभागों द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

बताया जाता है कि लगातार हो रहे अवैध खनन के कारण गांव और उसके आसपास की जमीन बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। कई स्थानों पर तीन से चार एकड़ क्षेत्र में तालाब जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। मुख्य मार्ग से महज 10 से 15 फीट की दूरी पर गहरे गड्ढे बन जाने से राहगीरों और ग्रामीणों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है। विकासखंड मुख्यालय से लगभग चार किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पड़रिया में डेम के आसपास के क्षेत्र में वर्षों से अवैध मुरूम का उत्खनन किया जा रहा है। ग्रामीण समय-समय पर इसका विरोध भी करते रहे हैं, लेकिन संबंधित विभागों ने केवल औपचारिक कार्रवाई कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

#### तत्काल कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि जरूरत के अनुसार लोगों ने लगातार मुरूम निकालकर खदानों को गहरा कर दिया है। वर्तमान स्थिति यह है कि कई स्थानों पर 10 से 15 फीट गहरे गड्ढे हो चुके हैं और इनमें खड़े बिजली के खंभों के चारों ओर की जमीन पूरी तरह खोद दी गई है। इसके बावजूद अवैध खनन का सिलसिला आज भी जारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन और खनिज विभाग से तत्काल कार्रवाई कर अवैध खनन पर रोक लगाने तथा संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।

---

# कांग्रेस ने की बेलतरा में रेत-मुरुम माफिया पर कार्रवाई की मांग

- 7 दिन का अल्टीमेटम, नहीं तो होगा निर्णायक जनआंदोलन

**बिलासपुर।** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से जारी रेत एवं मुरम के अवैध उत्खनन, परिवहन और कथित संरक्षण के खिलाफ आज बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी के नेतृत्व में जिला खनिज अधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया। इस दौरान उन्होंने जिला खनिज अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अवैध उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने, दोषी लोगों पर एफआईआर दर्ज करने और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

श्री केशरवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन का खनिज विभाग स्वयं मुख्यमंत्री के अधीन है। ऐसे में मुख्यमंत्री के विभाग के अंतर्गत आने वाले बिलासपुर जिले में यदि रेत और मुरम का अवैध उत्खनन दिन-रात खुलेआम चल रहा है, तो यह केवल अवैध कारोबारियों का साहस नहीं बल्कि विभागीय निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है।



**सौंपे गए ज्ञापन में मांग:** सौंपे ज्ञापन में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे सभी अवैध रेत एवं मुरम उत्खनन स्थलों की तत्काल जांच कराई जाए। अवैध उत्खनन एवं परिवहन में शामिल लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने, अवैध उत्खनन को रोकने में विफल रहे जिम्मेदार खनिज अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर जवाबदेही तय करने की मांग की गई। वहीं अवैध कारोबार में प्रयुक्त मशीनों एवं वाहनों को जब्त किया जाए। क्षेत्र में स्थायी निगरानी व्यवस्था लागू कर अवैध उत्खनन पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। श्री केशरवानी ने चेतावनी दी कि बेलतरा की जनता की सुरक्षा, अरपा नदी के संरक्षण और शासन की विश्वसनीयता से जुड़े इस मुद्दे पर अब किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि 7 दिनों के भीतर अवैध उत्खनन बंद कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो बेलतरा विधानसभा की जनता, पंचायत प्रतिनिधियों और कांग्रेस संगठन के साथ मिलकर बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और खनिज विभाग की होगी। खनिज अधिकारी कार्यालय घेराव के बाद विजय केशरवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी कलेक्टर श्री सर्वेश भूरे से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी और तत्काल हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की।

**इनकी रही उपस्थिति:** स अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष गण धनंजय सिंह ठाकुर , हितेश देवांगन , संतोष गर्ग शीतल दास महंत रामकुमार भोई अजय कुमार यादव विक्की यादव शिवा पांडे इलू, हरीश राजपूत इंद्र कुमार साहू रामचरण कश्यप आदि मौजूद थे।

---

# दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर






जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया एवं एलिम्को के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय तिफरा में दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि थे।

समारोह में सीएसआर मद के अंतर्गत जिले के 297 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं 164 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसायकल का वितरण किया गया। इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। समारोह के दौरान विधायक श्री कौशिक ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत लोगों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई। कौशिक ने बताया कि 85 लाख 33 हजार रुपए की लागत से 164 हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राइसायकल सहित विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राइसायकल एवं अन्य सहायक उपकरण दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सरल और सुगम बनाएंगे। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने नशामुक्त समाज के निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राइसायकल एवं अन्य सहायक उपकरणों से दिव्यांगजनों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा वे अधिक आत्मविश्वास के साथ समाज की मुख्यधारा में अपनी सहभागिता निभा सकेंगे। उन्होंने नशामुक्त समाज के निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया। समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक टी.पी. भावे ने बताया कि पूर्व में किए गए सर्वेक्षण एवं आवश्यकता आकलन के आधार पर पात्र हितग्राहियों का चयन किया गया था। कार्यक्रम में एआईसी की सहायक प्रबंधक निधि मिश्रा एवं श्री ब्रूस वागे, एलिम्को जबलपुर के मैनेजर नितिन माहौर तथा एलिम्को छत्तीसगढ़ के मैनेजर श्री वंशीलाल साकेत ने भी योजना एवं सहायक उपकरणों के उपयोग संबंधी जानकारी दी।

समारोह में सभापति हरीश साहू, श्याम कार्तिक वर्मा, एसडीएम मनीष साहू, उपनियंत्रक ब्रेल प्रेस बबीता कमलेश, सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रशांत मोकासे, उत्तमराव माथनकर, सरस्वती रामेश्वरी, सुश्री बीना दीक्षित, राजकुमारी सोनी, सरस्वती जायसवाल, स्नेहलता वैष्णव, अशोक अग्रवाल, लीलाधर भांगे, अनिश मानिकपुरी, सौरभ दीवान, उमा पाण्डेय, प्रशांत द्विवेदी, संजय खाना, ज्याति तिवारी, वैभव गुप्ता, विजय केशकर, रेखा चौहान, नीतू दीवान, राजेश सिंह, मनीष डागौर, उपेन्द्र सिंग, कृष्णा वामशी, मुरली निर्मलकर, आकाश लहसे उपस्थित थे।

---

# जलजीवन मिशन के 24 नग डीआई पाइप चोरी

**लोरमी।** ग्राम गोड़खाम्ही नहर पास जल जीवन मिशन अंतर्गत क्षेत्र में शुद्ध पेयजल के लिए हैदराबाद के ठेकेदार द्वारा पाईप लाईन बिछाई जा रही है। इसका 24 नग डीआई पाईप चोरी होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पाईप की कीमत लगभग 6 लाख बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार हैदराबाद की जीकेआर. इंफ्राकान जल जीवन मिशन के अंतर्गत 266 गांव में बिछाए जाने वाली पाइप लाइन को विस्तारित कर रही है। इसके लिए विभिन्न स्थलों में पाइप को डंप किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 10 जून को एक ट्रक में हाइड्रा की मदद से लगभग 6 मीटर लंबी लोहे की कीमती पाइप 330 बाय ढाई लगभग 20 फीट लम्बाई वाले पाइप को ट्रक में लोड कर चंपत हो गए। 23 जून को पूर्व ठेकेदार एवं साइड में जब पाइप को लगाने गए तो पाइप कम लगा। ठेकेदार ने स्थल पर लगी सीसीटीवी चेक किया तो एक अज्ञात व्यक्ति हाइड्रा द्वारा ट्रक में लोड कराकर ले जाते दिखा। इस घटना की खबर जब ठेकेदार को लगी तो उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया एवं थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। ठेकेदार एवं अधिकारियों के अनुसार पाइप की कीमत बाजार मूल्य लगभग 6 लाख है। गौरतलब है, कि घटना स्थल से इतनी बड़ी वजनदार महंगी पाईप चोरी होना बड़ी घटना की ओर इशारा करता है।

#### विभाग में मचा हड़कंप

हैदराबाद की कंपनी की पाइप चोरी होने के बाद विभाग एवं कंपनी में हड़कंप मचा हुआ है। पाइप चोरी घटना के बाद से ठेकेदार के लोग लगातार थाने में बिल-स्टॉक लेकर पहुंच रहे लिखित आवेदन मिलने के बाद से पुलिस जांच में जुट गई है।

#### थाने में की गई है शिकायत

पीएचई विभाग के एसडीओ आशीष मिश्रा ने बताया कि ग्राम गोड़खाम्ही नहर के पास से ठेकेदार का 24 नग डीआई पाइप चोरी हुई है। जिसकी शिकायत संबंधित ठेकेदार ने थाने में की है।

#### जांच के बाद होगी वैधानिक कार्रवाई

थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया कि पाईप चोरी की लिखित शिकायत ठेकेदार से प्राप्त हुई है। इस मामले में पुलिस जांच कर वैधानिक कार्रवाई करेगी।

---

# राजपुर स्कूल में मीठा खिलाकर बच्चों को दिलाया गया शाला प्रवेश



**तखतपुर।** परिश्रम करने वाला कभी असफल नहीं होता परिश्रम का फल मीठा होता है। मन लगाकर पढ़ने वाला विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर ऊंचाईयों को छूता है और दूसरों के लिए मिसाल बनता है। यह बातें प्राचार्य श्रीमती कविता त्रिवेदी ने शासकीय उमाशाला राजपुर में शाला प्रवेशोत्सव के दौरान कही। उन्होंने विद्यार्थियों को समय पर तथा नियमित विद्यालय आकर विद्याल अध्ययन करने की बात कही।

ग्राम पंचायत राजपुर के सरपंच राजू खांडे ने दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी को दो दो हजार रुपए की नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन अर्चना कर किया गया। अतिथियों के स्वागत उपरांत नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को पाठ्य पुस्तक प्रदान किया गया तथा तिलक लगाकर मुंह मीठा कर नियमित समय पर विद्यालय आने की बात कही गई। इस अवसर पर बालादीन लहरे, विश्राम साहू, चिंतामणि लहरे, सरपंच राजू खांडे, चिंताराम कर्माकर, रविन्द्र जगत, रवि शंकर साहू, चंद्रावती देवांगन, नीति सिंह खरसन, मृदुला बाजपेयी, महावीर कुजूर, राकेश सोनवानी, रविकुमार कौशिक, रविन्द्र मरावी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन व्याख्याता चंद्रावली देवांगन तथा कार्यक्रम का संचालन चिंताराम कर्माकर ने किया।

---

# गातापार में 3 किलो से अधिक गांजा बरामद




**लोरमी।** गातापार में पुलिस ने गांजा ब्रिकी करने वालों से 4 पैकेट में 3 किलो 653 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 54 हजार रूपए जब्त कर आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि 24 जून को प्रातः लगभग 8 बजे थाना चिल्फी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गातापार स्कूल मैदान के पास रहने वाली एक महिला अपने साथी के साथ घर में अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री हेतु ग्राहकों की तलाश कर रही है। सूचना तस्दीक करने पुलिस टीम द्वारा ग्राम गातापार स्थित संदिग्ध महिला गुलाबा बाई मंगेशकर पति स्व. जनकराम मंगेशकर उम्र 45 वर्ष निवासी गातापार स्कूल मोहल्ला, थाना चिल्फी, जिला मुंगेली के घर पहुंचकर विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे में रखे टूरिस्टर बैग से दो पैकेटों में रखा मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। प्रथम पैकेट का वजन 876 ग्राम एवं द्वितीय पैकेट का वजन 973 ग्राम पाया गया। कुल 1 किलो 849 ग्राम गांजा जब्त किया गया। वहीं उसके साथी अमित कुमार खाण्डे पिता लखन लाल खाण्डे, उम्र 40 वर्ष निवासी लमकेना थाना कोटा जिला बिलासपुर के कब्जे से थैले में रखे दो पैकेटों में गांजा बरामद किया गया। प्रथम पैकेट का वजन 898 ग्राम तथा दूसरे पैकेट का वजन 906 ग्राम पाया गया। इस प्रकार कुल 1 किलो 804 ग्राम गांजा जब्त किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक रघुवीर लाल चंद्रा थाना चिल्फी प्रभारी, उप निरीक्षक सत्येन्द्रपुरी गोस्वामी प्रभारी साइबर सेल व पीएसआई केसो राम देवांगन, साधना यादव साइबर सेल स्टॉफ, थाना चिल्फी की भूमिका रही।

---

# वार्ड 13 में मिली विकास कार्यों की सौगात



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला के वार्ड क्रमांक 13 में विकास कार्यों को नई गति देते हुए मेलन साहू के घर से नंदू यादव के घर तक आरसीसी नाली निर्माण एवं सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य से क्षेत्र के निवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा के साथ ही जल निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन की कामना की। वार्ड पार्षद राजकुमार साहू ने कहा कि वार्ड के नागरिकों की लंबे समय से सड़क एवं जल निकासी संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। अब इस निर्माण कार्य के प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से लोगों को परेशानी होती थी, जिसे आरसीसी नाली निर्माण के माध्यम से दूर किया जाएगा।

#### नियमित निगरानी के निर्देश

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नरेश महिष ने बताया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुसार कराया जाएगा। जिससे इसका लाभ लंबे समय तक क्षेत्रवासियों को मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी दिए।


#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर इंजीनियर श्री ताम्रकार, वार्ड पार्षद राजकुमार साहू, जगदीश साहू, गजानंद निर्मलकर, बबलू पटेल, हीरा पटेल, भगेला धुरी, मुकेश पटेल, पवन पटेल, विजय दीवान, नंदू यादव, पहारू यादव, विकास कौशिक, चक्रवर्ती पटेल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

---

### भाजपा ने मीसाबंदियों का किया सम्मान

# मीसाबंदी लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी रहे: मोहले



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 25 जून संविधान काला दिवस के अवसर पर आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मीसाबंदियों एवं उनके परिजनों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं भाजपा परिवार द्वारा मीसाबंदियों तथा उनके परिजनों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत आपातकाल की विभीषिका को स्मरण करते हुए की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र के दमन, नागरिक अधिकारों के हनन एवं विपक्षी नेताओं पर हुए अत्याचारों की जानकारी उपस्थित जनों को दी तथा सभी अतिथियों का स्वागत किया। सम्मानित किए गए मीसाबंदियों में द्वारिका जायसवाल एवं रामकुमार केशरवानी शामिल रहे। वहीं स्व. फूलचंद जैन, स्व. भारतलाल सोनी, स्व. रूपनाथ सोनी, स्व. डॉ. विजय कुमार गुप्ता, स्व. डॉ. प्रेम कुमार वर्मा, स्व. रामानुज श्रीवास्तव, स्व. अनिल गुप्ता, स्व. तुलाराम स्वर्णकार, स्व. मुनीराम साहू, स्व. नंदुलाल सोनी, स्व. डॉ. भानु गुप्ता, स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी, स्व. रामसुंदर पाण्डेय, स्व. साधूराम केशरवानी, स्व. कीमतराय केशरवानी, स्व. कपिल नारायण देवांगन एवं स्व. रमेश कुमार साहू, स्व. रमेशचंद्र दीक्षित के परिजनों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मीसाबंदी परिवार के सदस्य संतोष जैन, कमलेश्वर केशरवानी, संजीव गुप्ता,संदीप गुप्ता, निश्चल गुप्ता, जया गुप्ता, श्रीमती जमुनोत्री बाई (धर्मपत्नी स्व. ठाकुर नरपुंगव सिंह), जयपाल साहू, बसंत स्वर्णकार एवं नरेंद्र श्रीवास्तव, चनद्रिका सोनी सहित अनेक परिवारजन उपस्थित रहे, जिनका विधायक पुन्नूलाल मोहले द्वारा शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतंत्रता एवं विपक्ष की आवाज को कुचलने का प्रयास किया गया। यह लोकतंत्र की हत्या का ऐसा कृत्य था, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि मीसाबंदी लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्रहित एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपने परिवार और व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग कर जेल की यातनाएं सही थीं। भाजपा ऐसे सभी लोकतंत्र सेनानियों को नमन करती है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर ने किया।

---

# सर्व यादव समाज की जंबो कार्यकारिणी घोषित



**मुंगेली।** सर्व यादव समाज अध्यक्ष नरेश राम यादव ने अपनी जंबो कार्यकारिणी घोषित कर दिया है। जिलाध्यक्ष नरेश राम यादव सहित महासचिव मनोहर यादव एवं कोषाध्यक्ष फूलचंद यादव पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। शेष कार्यकारिणी गठन के लिए अध्यक्ष को अधिकार दिया गया था जिसके अनुसार जिलाध्यक्ष ने कार्यकारिणी गठन कर प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदू से अनुमोदन कराकर कार्यकारिणी का गठन किया। नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष सतीश यादव, कृष्णा यादव, संजू यादव, दरबारी यादव, ललित यादव व संजय यादव सहित महासचिव संगठन के पद पर देवीशंकर यादव को नियुक्त किया है। मीडिया प्रभारी घनश्याम यादव एवं विजय यादव बनाये गये। प्रवक्ता का दायित्व सूरज यादव एवं दिलीप यादव को दिया गया है। संगठन में सहकोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, प्रवक्ता, प्रचार मंत्री, सलाहकार, सह-सचिव, स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं संरक्षक मंडल का गठन कर समाज के वरिष्ठजन रामकुमार यादव, सुखनंदन यादव, धनीराम यादव, शैलेन्द्र यादव, परसादी यादव, योगेन्द्र यादव, मकराल यादव, विनय यादव, रितेश यादव स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं प्रकाश यादव, डॉ. आई. पी. यादव, प्रेमलाल यादव, धजाराम यादव अरूण यादव, राजेन्द्र यादव, ओम प्रकाश यादव संरक्षक का दायित्व निभायेंगे।

## खबर संक्षेप

### चोर ले उड़े 3 लाख के जेवर, नकद

**बिलासपुर।** घरवाले सोते रह गए और चोर घर में धावा बोलकर 3 लाख रुपए जेवर व नकद चोरी कर आसानी से भाग गए। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, वेदपरसदा निवासी देवकुमार पटेल का परिवार 24 जून की रात खाना खाने के बाद सो गए। रात 3 बजे उनकी मां नीरा बाई सोकर उठी तो बाड़ी जाने का दरवाजा खुला मिला, उन्होंने घरवालों को जगाया। श्री पटेल के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। उनकी मां दरवाजा खोकर उन्हें बाहर निकाली। उनकी मां के रूम की आलमारी से सोने का मंगलसूत्र, दूसरे कमरे के आलमारी से 10 तोला चांदी का करधन, 10 नग बिछिया, पायल, सोने का टाप्स, 2500 रुपए नकद सहित 3 लाख के जेवर चोरी हो गए थे। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने उनके रिपोर्ट पर अपराध कायम कर लिया है।

### आपरेशन यात्री सुरक्षा में पकड़े गए दो मोबाइल चोर

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टीम ने आपरेशन यात्री सुरक्षा अभियान चलाकर मोबाइल चोरी के मामले में दो आरोपी को पकड़ा है। 6 मई को रेलवे स्टेशन के फुट ओवरब्रिज के पास यात्री के मोबाइल चोरी का मामला जीआरपी में दर्ज किया गया था। आरपीएफ और जीआरपी की टीम चोर की खोजबीन कर रही थी। जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान एक माह बाद मुखबिर की सूचना पर मध्यप्रदेश सिवनी निवासी महेश तुलसीराम परते को पकड़कर पूछताछ की, जिसने मोबाइल चोरी करने के बाद उसे बेच देने की जानकारी दी। पूछताछ के बाद आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने कोहिनूर मोबाइल दुकान के संचालक अशोक यादव को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### स्टेशन पर ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन से खरीदी

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के रायगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं 1 पर ठंडे पेय पदार्थों हेतु ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन का शुभारंभ किया गया है। यह पहल रेलवे की यात्री-केंद्रित एवं तकनीक-आधारित सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन के माध्यम से अब यात्रियों को ठंडे पेय पदार्थ खरीदने के लिए स्टॉल पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यात्री स्वयं इस मशीन का उपयोग कर अपनी सुविधा अनुसार कोका-कोला ब्रांड के विभिन्न ठंडे पेय पदार्थ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

### डिजिटल भुगतान बढ़ा 36.10 फीसदी

**बिलासपुर।** रेलवे ने डिजिटल भुगतान प्रणाली में भी बढ़त बनाई है। जानकारी के अनुसार यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से 20.67 फीसदी अनारक्षित टिकटों की बुकिंग हुई, जिससे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे गैर-उपनगरीय रेलवे में प्रथम स्थान पर रहा। पीआरएस काउंटरों पर डिजिटल भुगतान 8.52 फीसदी से बढ़कर 36.10 फीसदी तक पहुँचा, जो कैशलेस लेनदेन की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा रायपुर मंडल में एआई-सक्षम ड्रोन द्वारा ओएचई निरीक्षण प्रारंभ किया गया। भिलाई एवं कोरबा में एआई आधारित ऑटोमैटिक वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम स्थापित किया गया। हरित ऊर्जा के अंतर्गत 2,263 किलोवॉट पावर क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए।

### आपरेशन नन्हें फरिश्ते में 324 बच्चों को बचाया गया

**बिलासपुर।** दपूमरे में आरपीएफ ने आपरेशन नन्हें फरिश्ते का अभियान चलाकर 324 बच्चों को बचाया है। वहीं रेलवे सुरक्षा बल ने 55.61 लाख रुपए के अवैध टिकट, 3.31 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ जब्त किया है। वहीं 1.72 करोड़ रुपए की चोरी गई संपत्ति यात्रियों को वापस दिलाई गई है। इसके साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 4193 नए कर्मचारियों की भर्ती कर कार्यबल को सुदृढ़ किया।

---

**कानन पेण्डारी जू के पास बनाई गई अरण्यिका** | **सड़क किनारे लगे फेंसिंग और पोल चोरी, जमीन पर हो गया बेजा कब्जा**

# बिना किसी सुरक्षा के चल रही पौधे तैयार करने वाली अरण्यिका

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी जू के बगल में पौधों को तैयार करने के लिए बनाई गई अरण्यिका बिना किसी सुरक्षा के चल रही है, जहां सड़क के किनारे लगे फेंसिंग और पोल पार हो चुके हैं। वहीं विभाग की जमीन पर बेजा कब्जा भी कर लिया गया है। इस देखने के बाद भी विभाग के अधिकारी अनदेखा कर रहे हैं।

शहर से 8 किलोमीटर की दूरी पर कानन पेण्डारी जू और स्मृति वन के बीच में अरण्यिका बनाई गई है। इसका संचालन सामाजिक वानिकी विभाग करता है। अरण्यिका में मुख्य रूप से बारिश से पूर्व छायादार और फलदार पौधे तैयार किए जाते थे। करीब 25 एकड़ से अधिक क्षेत्र में बनी अरण्यिका में सागौन और विभिन्न प्रजातियों यानि भारतीय



और विदेशी बांस के पौधे लगाए गए थे। पौधों की तैयार करने के साथ अरण्यिका में शहद भी बनाने का काम किया जाता है। यहां चारों ओर हरे-भरे बांस और अन्य प्रजातियों के पेड़ के अलावा तैयार किए गए पौधे भी रखे गए हैं। कानन पेण्डारी जू की दीवार से लगे अरण्यिका की सुरक्षा करने के लिए सड़क के किनारे पोल और फेंसिंग भी लगाए गए हैं। वर्तमान में अरण्यिका का ऐसा हाल हो गया है कि सुरक्षा के लिए लगाए गए पोल को तोड़ने के साथ फेंसिंग को काटकर असामाजिक तत्वों ने पार कर दिया है। किसी तरह की सुरक्षा नहीं होने के कारण एक साल पहले अरण्यिका में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी थी, जिसकी खोजबीन विभाग के अफसर व स्टाफ अब तक नहीं कर सके हैं।

विभागीय अफसरों के आदेश पर आग लगने वाले स्थान की सफाई करने के बाद नए पौधे लगा दिए गए हैं, जो वर्तमान में बड़े पेड़ बन चुके हैं। इसके बावजूद सड़क किनारे लगाए गए फेंसिंग और गायब पोल के अलावा सुरक्षा की ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

### आग स्वयं लगाते हैं मौके पर

अरण्यिका के कर्मचारियों का कहना है कि किसी व्यक्ति ने बीड़ी पीकर अंदर फेंक दिया था। गर्मी के मौसम में पेड़ से गिरने वाले सूखे पत्ते के कारण आग पूरे क्षेत्र में फैल गई, जिसे दो से तीन घंटे में बुझा दिया गया। इसमें कुछ पेड़ भी जलकर गिर गए थे। कर्मचारियों के अनुसार सागौन और बांस के पेड़ के नीचे सूखे पत्तों पर प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में आग लगाया जाता है, ताकि वहां सफाई भी हो जाए। आग के कारण किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ था।

### सड़क किनारे अवैध कब्जा

सकरी से तखतपुर की ओर जाने वाली सड़क पर वन चेतना केन्द्र से लेकर कानन पेण्डारी जू तक का क्षेत्र काफी बड़ा है। इसका संचालन वन विभाग बिलासपुर, अचानकमार टाइगर रिजर्व बायोस्फियर और सामाजिक वानिकी तीनों अलग-अलग करती है। कानन पेण्डारी जू के बाहर का हिस्सा अब तक बचा हुआ है, लेकिन वन चेतना केन्द्र, स्मृति वाटिका से लेकर अरण्यिका के बाहर के हिस्से में कुछ लोगों ने बेजा कब्जा कर दुकानदारी करना भी शुरु कर दिया है। इन दुकानदारों पर तीनों विभाग की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके कारण दुकानदार खुलेआम बिना किसी भय के अपना काम कर रहे हैं।

### चेक करवाते हैं

अरण्यिका के बाहर सड़क किनारे लगे फेंसिंग और पोल के चोरी होने की जानकारी नहीं है। इसकी जानकारी ली जाएगी, जिसे चेक करने के लिए स्टाफ को कहा जाएगा। अगर विभाग की जमीन पर बेजा कब्जा हुआ है तो उसे हटाने की भी कार्रवाई की जाएगी।

**-नीरज कुमार**, डीएफओ, सामाजिक वानिकी

---

**कक्षा 1 से 8 तक के बच्चे 2 कमरें में पढ़ने को मजबूर**

# 10 माह पहले अधिकारियों ने किया निरीक्षण लेकिन नतीजा सिफर



### 2 घंटे चलती है कक्षा


खास बात यह है कि सुबह 7.30 से 10.30 बजे तक प्राथमिक कक्षाएं लगती है, इसमें भी एक घंटे मध्यान भोजन में गुजर जाता है। इसके बाद 11 बजे से माध्यमिक कक्षाओं के बच्चे स्कूल में प्रवेश कर जाते है। जिसके चलते प्राथमिक कक्षाओं के लिए महज 2 घंटे की क्लास लगाई जाती है। ऐसी व्यवस्थाओं के चलते बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। सरपंच सत्यवती दिनेश धृतलहरे ने बताया कि अधिकारियों को इसकी जानकारी है लेकिन अबतक स्कूल के लिए भवन की व्यवस्था नहीं की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तखतपुर ब्लॉक के मेड़पार बाजार स्थित मिडिल स्कूल जर्जर हो चुका है। पिछले साल स्कूल के कई कमरे में छत के प्लास्टर गिर गए थे इसके बाद एसडीएम, तहसीलदार और आरईएस के अधिकारियों ने स्कूल का मुआयना किया और प्रतिवेदन तैयार कर उच्च अधिकारियों को दे दिया, लेकिन 10 माह बाद भी स्कूल जर्जर है। ना तो नया भवन बनाया गया और ना ही मरम्मत कराई गई। अब जब स्कूल खुल चुका है, यहां पढ़ने वाले बच्चे दहशत में शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

- मेड़पार बाजार में पिछले साल गिरी थी सिलिंग

शिक्षा की अलख जगाते हुए अधिकारियों ने मूलभूत सुविधाओं से ही किनारा कर दिया है, प्राइमरी और मीडिल स्कूल को एक साथ मर्ज कर पढ़ाया जा रहा है, लेकिन इस दौरान काफी अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि मेड़पारा बाजार के प्राइमरी स्कूल का भवन जर्जर होने के बाद स्कूल को मीडिल स्कूल में मर्ज किया गया है, ऐसे में कक्षा 1 से लेकर 8वीं तक करीब 200 बच्चे 3 कमरे के मीडिल स्कूल में ही शिक्षा प्राप्त करते हैं, स्कूल की छत काफी कमजोर हो चुकी है, बारिश के दिनों में छत पर पानी भरने और सीपेज की समस्या रहती है। पिछले साल लगातार बारिश के बाद छत का प्लास्टर गिर गया था, इस दौरान कुछ बच्चे चोटिल होने से बच गए थे, इसके बाद ही अधिकारियों का अमला स्कूल के निरीक्षण के लिए पहुंचा था लेकिन अधिकारियों के जाने के बाद आज तक यहां मरम्मत का कार्य नहीं हो सका है।



**यह है हालात**

बताया जा रहा है कि 8 कक्षाओं को 4 कमरों के स्कूल में मर्ज किया गया है, जिसमें 3 में ही कक्षाएं लगाए जा सकती हैं। स्कूल में बाउंड्रीवाल नहीं है। बच्चों का खाना भी प्रधान पाठक के कार्यालय में बनता है। शौचालय की स्थिति काफी खराब है। अधिकारियों को कई बार पत्राचार करने के बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारी भवन मरम्मत के लिए फंड का जुगाड़ नहीं कर सके हैं।

### मरम्मत कराई जाएगी

मुझे आए ज्यादा दिन नहीं हुआ है मेरी जानकारी में नहीं है लेकिन अब अधिकारियों को भेजकर स्कूल की हालत देखी जाएगी। हाल ही में उसकी मरम्मत भी चालू कराई जाएगी अगर बिल्डिंग की हालत अधिक खराब होगी तो शासन को नवीन भवन के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।

**-रामेश्वर जायसवाल**, डीईओ

---

**नगर निगम में गाड़ियों की कमी**

# निगम अफसरों को वाहन नहीं मिलेगा 80 लीटर पेट्रोल-डीजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में कई उपायुक्त व जोन कमिश्नर सहित इंजीनियरों को सरकारी गाड़ी नहीं मिली है, क्योंकि निगम में गाड़ियों की कमी है। इसलिए निगम अब अपने निजी कार वाहनों का उपयोग करने वाले अधिकारियों, इंजीनियरों को हर माह 80 लीटर पेट्रोल या डीजल देगा।

- मेयर इन कौंसिल की बैठक में लिया गया फैसला

नगर निगम की बहुत सी गाड़ियां पुरानी हो गई हैं जो अब उपयोग के लायक नहीं रह गई है। वहीं दूसरी तरफ निगम में उपायुक्त से लेकर कई जोन कमिश्नरों और इंजीनियरों के पास सरकारी गाड़ी नहीं है, जिससे उन्हें अपने निजी वाहन कार से ही निगम आफिस व फील्ड में आना-जाना पड़ता है। नगर निगम में गुरुवार शाम को मेयर इन कौंसिल की बैठक हुई, जिसमें निगम में अधिकारियों व इंजीनियरों के लिए वाहनों की कमी का विषय भी चर्चा के लिए आया। इसलिए मेयर इन कौंसिल की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि नगर निगम जिन अधिकारियों, इंजीनियरों के पास सरकारी वाहन नहीं है वे अपने निजी वाहन कार का उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें प्रत्येक माह 80 लीटर पेट्रोल या डीजल नगर निगम की ओर से दिया जाएगा ताकि शासकीय कार्य के लिए उन्हें अपने वाहनों में खुद से पेट्रोल, डीजल डलवाना न पड़े।



### अन्य प्रस्ताव एमआईसी में पास

आज एमआईसी की बैठक में कुछ वाहन चालकों के तदर्थ नियुक्ति कार्यकाल बढ़ाए जाने तथा प्लेसमेंट श्रमिक रखें जाने निविदा रखा गया था। इसके अलावा कुंदन पैलेस से लेकर पुराना बस स्टैंड तक आरआरसी ड्रेन निर्माण सहित सड़क व नाली निर्माण और अन्य विकास कार्यो के प्रस्ताव एवं टेंडर के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है।

### हंगामा के मद्देनजर पहली बार एमआईसी की वीडियोग्राफी

नगर निगम में पिछले कुछ एमआईसी की बैठकों में किसी न किसी विषय, मुद्दों को लेकर हंगामा या एमआईसी सदस्यों एवं महापौर के बीच तकरार का मामला सामने आया है। पिछली एमआईसी बैठक में भी कुछ इस तरह का विवाद उठा था और हंगामा हुआ था। इसलिए इस बार नगर निगम की ओर से एमआईसी बैठक के दौरान वीडियोग्राफी कराने की व्यवस्था की गई थी। इससे पहले निगम में सामान्य सभा में वीडियोग्राफी कराई जाती रही है, किन्तु एमआईसी की बैठक में आज पहली बार पूरी प्रक्रिया की विडियो शूटिंग कराई गई, जिससे आज सदस्यों ने बैठक दौरान चुप्पी साधे रखा और किसी तरह का विवाद, हंगामा नहीं हुआ।

---

# चाकू की नोंक पर युवक का अपहरण कर 50 हजार रुपए फिरौती की मांग, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चाकू की नोंक पर युवक का अपहरण कर 50 हजार रुपए फिरौती की मांग करने वाले नाबालिग सहित दो युवकों को पुलिस ने पकड़कर अपहृत युवक को छुड़ा लिया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

रतनपुर थाना प्रभारी विष्णु यादव ने बताया, 24 जून 2026 को भेलवापारा कलमीटार निवासी घनश्याम पाटले अपने घर के आंगन में थे। इसी दौरान इशान सारथी, सोम रजक, निखिल रजक उर्फ एलियन व उनके साथी आए और बोले तुमसे कुछ काम है, बात करना है। उसके घर के बाहर आने पर घनश्याम के गले में चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए जबरदस्ती बाइक में बैठाकर कोरबा भंवर जंगल ले गए। घनश्याम के सामने पेपर में गांजा फैलाकर फोटो खींच ली। युवकों ने उससे घर में फोन लगाकर कहलाया कि वह गांजा के मामले में पाली थाना में पकड़ा गया है। केस रफादफा करने के लिए 50 हजार रुपए चाहिए। उसकी मां पैसा देने तैयार हो गई और कहा पैसा कहां लाना है।

**एक आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर**



प्रार्थी।





आरोपी।

युवकों ने उन्हें पैसा लेकर महामाया मंदिर रतनपुर बाइपास बादल महल के पास आने के लिए कहा। उसकी मां वहां गई तो युवक उन्हें हेलीपेड के पास आने के लिए बोलने लगे। घरवालों को संदेह हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

घरवालों के साथ पुलिस को देखकर दो युवक भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर इशान सारथी पिता वीरू सारथी महामाया चौक रतनपुर निवासी व एक नाबालिग को पकड़कर अपहृत युवक को बरामद कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 140, 3, 3, 5, 308, 6 के तहत दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनका एक साथी पुलिस पकड़ से बाहर है।

### वकील का मोबाइल हैक कर डेढ़ लाख की ठगी

**बिलासपुर।** वकील का मोबाइल हैक कर दो किश्तों में ट्रांसफर कर 1 लाख 42 हजार 500 की आनलाइन ठगी कर ली गई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, विद्यानगर शिव मंदिर निवासी वकील खेलन सोनवानी पिता शिव कुमार सोनवानी 27 मई 2026 को कोर्ट रूम में थे। इसी दौरान उनका मोबाइल अचानक अपडेट होने लगा और हैक हो गया। इस दौरान उनके बैंक खाते से दो किश्तों में 1 लाख 42 हजार 500 रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। उन्होंने पतासाजी की तो एमेजोन पे के माध्यम से पैसा टांसफर हुआ है। इस फ्राड के लिए ईमेल का उपयोग किया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर ईमेल आईडी धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के मार्ग में संशोधन 16 से

**बिलासपुर।** झांसी मंडल में यार्ड रिमाडलिंग कार्य करने का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण दूसरे जोन के साथ एसईसीआर बिलासपुर जोन से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित रहेगा। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के वीरांगन लक्ष्मीबाई झांसी से बीना सेक्शन के बीच ललितपुर स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य 16 से 19 जुलाई के बीच करने का निर्णय लिया गया है। यार्ड रिमाडलिंग के दौरान कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द किया गया है। वहीं कई ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से भी किया जाएगा, जिसमें दपूमरे बिलासपुर जोन से होकर और गुजरने वाली कुछ एक्सप्रेस गाड़ियां शामिल है। इसमें 16 से 19 जुलाई तक अमृतसर से बिलासपुर आने वाली 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मथुरा, बयाना, सोगरिया, रूठियाई, बीना मार्ग होकर बिलासपुर तक चलाने का निर्णय लिया गया था। इन ट्रेनों में छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के परिवर्तित मार्ग में संशोधन किया गया है।

# मस्तुरी में एक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात

**बिलासपुर।** जिले में जल्द ही नए सीएचसी की स्थापना होगी। मस्तुरी क्षेत्र के पचपेड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने की स्वीकृति मिल गई है, स्वास्थ्य विभाग अब भवन के लिए शासन को पत्र लिख रहा है, जिसके बाद जिले के 4 ब्लॉकों के बाद पचपेड़ी में भी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार करीब 40 किमी दूर स्थित पचपेड़ी क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के जरिए स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। मस्तूरी ब्लॉक के अंतर्गत पड़ने वाले इस पीएससी में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव रहता है, डाक्टर की कमी के चलते कई बार ताला लग जाता है। ऐसे में बिलासपुर जिले के सिम्स और जिला अस्पताल में इलाज कराना पड़ता है, इस दौरान दूरी अधिक होने के कारण मरीजों को जान का खतरा बना रहता है। स्वास्थ्य विभाग ने हाल ही में पचपेड़ी में भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का प्रस्ताव भेजा था, जिसे स्वीकृति मिल गई है। वर्तमान में पीएससी की बिल्डिंग मौजूद है लेकिन इस बिल्डिंग में सीएचसी अस्पताल नहीं चलाया जा सका है ऐसे में जल्द ही बिल्डिंग बनाई जाएगी, औपचारिक तौर पर मस्तूरी सीएचसी से डाक्टर और नर्स की ड्यूटी लगाई जा रही है।

### 7 डाक्टर सहित 20 का स्टाफ होगा मौजूद

पचपेड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलने के बाद 7 डाक्टर सहित 20 का स्टाफ मौजूद होगा। अस्पताल में सर्जिकल, मेडिकल, स्त्रीरोग, शिशुरोग, निश्चेतना, दंत जैसे रोगों के लिए विशेषज्ञ डाक्टर की पदस्थापना की जाएगी। साथ ही एक चिकित्सा अधिकारी और खंड चिकित्सा अधिकारी भी पदस्थ रहेंगें। नर्सिंग सिस्टर, लैब टैक्निशियन, रेडियोग्राफर, ओटी टैक्निशियन, स्टाफ नर्स और दंत सहायक की भर्ती की जाएगी।

### लोगों को बेहतर इलाज मिल सकेगा

मस्तुरी जैसे बड़े ब्लॉक में पचपेड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य का खुलना लोगों के लिए सहुलियत भरा होगा। हमारे पास पदों का प्रस्थाव आ चुका है, वहां के लिए भर्ती की जाएगी। साथ ही बिल्डिंग की समस्या है इसके लिए विभाग को पत्राचार किया जा रहा है। इससे लोगों को बेहतर इलाज मिल सकेगा।

**-डॉ शुभा गरेवाल**, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

---

**बीते वर्ष पंजीकृत हो चुके किसानों को इसकी जरूरत नहीं**

# धान खरीदी के लिए पंजीयन-संशोधन 1 जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में धान बेचने वाले किसानों के पंजीयन एवं संशोधन की प्रक्रिया एक जुलाई से प्रारंभ की जा रही है। यह काम 31 अक्टूबर तक चलता रहेगा। इस दौरान बीते वर्ष पंजीकृत हो चुके किसानों को फिर से पंजीयन कराने की जरूरत नहीं होगी। किसान अगर कोई संशोधन कराना चाहें तो संशोधन कराया जा सकेगा।

- 31 अक्टूबर तक जारी रहेगी प्रक्रिया

खरीफ सीजन के लिए किसानों ने धान की अभी बोनी भी शुरू नहीं की है और सरकार ने धान खरीदी के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस साल सरकार ने सभी श्रेणी के किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य किया है। ऐसे में जिन किसानों ने बीते वर्ष अपना एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं कराया था, वे 1 जुलाई से यह कार्य करवा सकेंगे। इसी तरह जिन किसानों के द्वारा बीते वर्ष अपना पंजीयन करवा लिया गया है, उन्हें इस साल फिर से पंजीयन कराने की जरूरत नहीं होगी। इस दौरान किसाान अगर अपने दस्तावेजों में नॉमिनी, मोबाईल नंबर या अन्य किसी तरह के बदलाव की जरूरत महसूस करें तो वे 31 अक्टूबर तक यह कार्य करवा सकेंगे। इस साल प्रत्येक खरीदी केंद्र में बायोमेट्रिक व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए एक स्थायी धान खरीदी केंद्र प्रभारी का नामांकन किया जाएगा, जिसका आधार नंबर भी जरूरी होगा। बायोमेट्रिक आधार पर खरीदी करने के लिए न केवल कर्मचारियों को वृहद स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि किसानों की जानकारी के लिए भी इस व्यवस्था का प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश हैं।



### पंजीयन करा सकेंगे किसान

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के अंतर्गत एक जुलाई से 31 अक्टूबर तक किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन व संशोधन संबंधी कार्य संपन्न किए जाएंगे। इस साल समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए प्रत्येक किसान का एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य किया गया है। गत वर्ष एग्रीस्टेक पंजीकृत किसानों को नया पंजीयन कराने की जरूरत नहीं होगी।

**-अमृत कुजूर**
खाद्य नियंत्रक

हरिभूमि बिलासपुर में नं. 1 | आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152